वर्ष-10, अंक-161
इन्दौर, सोमवार
09 सितम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक

# राष्ट्रीय जनभावना


RNI-MPHIN/2013/53761

इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com


**चाणक्य नीति**

दूसरों की गलतियों से सीखों, अपने ही अनुभवन से सीखने को तुम्हारी आयु कम पड़ जाएगी।

-चाणक्य



# प्रदेश के सभी 89 जनजातीय विकासखंडो में 100 सीटर मैट्रिक छात्रावास बनाए जायेंगे : मुख्यमंत्री

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** प्रदेश के सभी 89 जनजातीय विकासखंडो में 100 सीटर मैट्रिक छात्रावास बनाए जाएंगे और सभी छात्रावासों में एक-एक रोटी बनाने की मशीन भी दी जाएगी। विद्यार्थियों के लिए खालवा में नया कॉलेज भवन बनाया जाएगा। यह घोषणा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को खंडवा जिले के खालवा में आयोजित जनजाति छात्र प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह में की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम सेल्दामाल में परीक्षण कर बालिका खेल परिसर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब आदिवासी विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव प्रयास कर रही है एवं विद्यार्थियों के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हर वर्ग के व्यक्तियों के सपनों को पूरा करने का कार्य प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। अगर आदिवासी बेटे बेटियां डॉक्टर, इंजीनियर एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं तो उसकी फीस सरकार द्वारा भरी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों को सम्मान मिल रहा हैं,उनको किसान सम्मान के रूप में 10,000 रूपए प्रदेश सरकार द्वारा दिए जा रहे है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने आकांक्षा योजना का सत्र शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आकांक्षा योजना के अंतर्गत प्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं जैसे जेईई, नीट, एम्स और क्लेट आदि के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान की जा रही है। प्रदेश के भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन संभागों में आकांक्षा योजना के क्रियान्वयन की कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है। प्रदेश




के पांच बड़े नगरों भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर में योजना के अंतर्गत विद्यार्थी निःशुल्क कोचिंग सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। आज प्रतीक स्वरूप विदेश में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत पांच विद्यार्थियों को दो-दो लाख रुपए की राशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों के इलाज के लिए प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर रही है एवं एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने के लिए एयर एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गई है, जिससे उन्हें उचित उपचार प्रदान किया जा सकें। उन्होंने उद्योग व्यवसायों के लिए बिजली में छूट देने के लिए भी कहा, जिससे कि सभी उद्योग व्यवस्थित रूप से संचालित हो सकें। उन्होंने कहा कि उद्योग के क्षेत्र में संभाग स्तर पर भी इन्वेस्टर समिट आयोजित किये जा रहे हैं एवं छोटे-छोटे उद्योगों को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 में आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग एवं चिकित्सा महाविद्यालय में 97 लाख से अधिक छात्रवृत्ति देने का कार्य प्रदेश सरकार द्वारा किया गया है। साथ ही कक्षा छठवीं से 12वीं तक के पढ़ने वाले लगभग 47 हजार विद्यार्थियों को भी छात्रवृत्ति देने का कार्य किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत बुक एवं पौधा भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में हुए कार्यो की लघु फिल्म भी दिखाई गई है। साथ ही ग्राम गारबेडी के छात्र श्री आशाराम पालवी की भी लघु फिल्म दिखाई गई। इस दौरान लाड़ली बहनों ने रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने ग्राम गारबेडी के छात्र श्री आशाराम पालवी को विदेश में पढ़ाई के लिए 35 लाख रुपए का चेक भी प्रदान किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। खंडवा जिले में 05 जून से 30 जून 2024 तक चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत निर्मित 251 तालाब, खेत तालाब, कुंए, परकोलेशन टेंक एवं अमृत सरोवर अंतर्गत निर्मित 104 तालाबों से एकत्रित पवित्र मिट्टी से श्री गणेश जी की प्रतिमा तैयार की जाकर मुख्यमंत्री डॉ यादव को भेंट की गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम लिमिटेड खंडवा परियोजना मंडल निगमित सामाजिक दायित्व योजना के तहत निःशुल्क चलित बर्तन बैंक सहित वाहन प्रदान किया। साथ ही उन्होंने शासकीय महाविद्यालय हरसूद में अध्यनरत मेधावी विद्यार्थियों के आवागमन की सुविधा के लिए निःशुल्क दो बसों का भी फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने संबोधित करते हुए कहा कि जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों को विदेश में पढ़ने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा छात्रवृत्ति योजना प्रारंभ की गई है। इसके तहत ग्राम गारबेडी आदिवासी विकास खंड खालवा के छात्र श्री आशाराम पिता हीरालाल पालवी का उच्च अध्ययन हेतु लंदन की युनिवर्सिटी आफ लाईस्टर में मास्टर आफ जियोग्राफीकल इन्फार्मेशन साइंस में एम.एस.सी. हेतु चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके लिए उनके परिवार ने आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को चावल,ज्वार भेंट किए है, यह अनाज नहीं यह गरीब आदिवासी भाइयों का प्रसाद है।

## दीपिका ने दिया बेटी को जन्म



**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने एक बेटी को जन्म दिया है। रणबीर के घर किलकारी गूंज गई हैं वह दोनों काफी खुश हैं। पैपराजी विरल भयानी ने एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। रणवीर और दीपिका को बीती शाम मुंबई के एक अस्पताल में जाते देखा गया था। इसका वीडियो सामने आया था, तभी से उनके फैंस दीपिका की डिलीवरी के कयास लगा रहे थे। बता दें, दीपिका ने इस साल 28 फरवरी को प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की थी और बताया कि सितंबर में बेबी को जन्म देंगी।

**सिंधिया को हराने वाले BJP नेता केपी यादव मंच से दहाड़े, बोले-**

## चिंता मत करो, टाइगर अभी जिंदा है

अशोकनगर । मध्यप्रदेश में जब भी कोई नेता चुनाव हारता है तो मंच से कहता है- 'चिंता मत करो, टाइगर अभी जिंदा है.' जब शिवराज सिंह 2018 में भाजपा की सरकार नहीं बना पाए तो मंच से कहने लगे टाइगर अभी जिंदा है.



उसके बाद सिंधिया चुनाव हारे तो उन्होंने भी मंच से यही डायलॉग दिया. और उसके बाद दोनों की सत्ता में वापसी हो गई. अब यही डायलॉग के पूर्व सांसद केपी यादव ने मंच से दोहराया है. अशोकनगर के मुंगावली में आयोजित श्री कृष्ण जन्म महोत्सव के आयोजन में पूर्व सांसद केपी ने एक जनसभा को संबोधित किया और पहली बार मंच से अपना का 'दर्द' बयां करते हुए कहा, ÷कुछ लोग मुझे देखकर कुछ कह नहीं रहे थे, लेकिन उनकी आंखों और चेहरों पर उदासी दिखाई दे रही थी. लेकिन चिंता न करें, बंशीवाले (भगवान कृष्ण) पर भरोसा रखें क्योंकि 'टाइगर अभी जिंदा है.' पूर्व सांसद के इस डायलॉग को सुनकर मंच पर मौजूद ज्योतिरादित्य सिंधिया के खास विधायक ब्रजेंद्र सिंह यादव हंसने लगे. पता हो कि केपी यादव ने साल 2019 के लोकसभा चुनाव में तत्कालीन कांग्रेस प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया को हराकर पूरे देश मे सुर्खियां बटोरी थीं. हालांकि, सिंधिया के बीजेपी में आने के बाद पार्टी ने केपी यादव का टिकट काट दिया था. आम चुनाव के पहले मौजूद सांसद का टिकट कटने पर यादव समाज के लोगों में बीजेपी के प्रति नाराजगी थी.

## लेबनान से लगभग 50 गोले दागे जाने की रिपोर्ट दी

**जेरूसलम, (एजेंसी)।** उत्तरी इजरायल में लेबनान से लगभग पचास गोले दागे गये जिनमें से कुछ गोले वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा मार गिराए गए। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने रविवार के यह जानकारी दी। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, ऊपरी गलील में 5:35 बजे बजने वाले सायरन के बाद लेबनान से आने वाले लगभग 30 प्रोजेक्टाइल की पहचान की गई। आईडीएफ एरियल डिफेंस एरे ने कई प्रोजेक्टाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया और बाकी खुले क्षेत्रों में गिर गए, इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। सायरन के बाद 00:57 पर आवाज आई और 2:34 से 2÷39 के बीच किर्यत शमोना के क्षेत्र में लेबनान से आने वाले लगभग 20 प्रोजेक्टाइल की पहचान की।

**ट्रेन दुर्घटना**

## मगध एक्सप्रेस दो हिस्सों में बंटी

### बक्सर जिले में टुड़ीगंज स्टेशन के पास धरौली में हुआ ट्रेन हादसा

**बक्सर, (एजेंसी)।** बिहार के बक्सर जिले में टुड़ीगंज स्टेशन के पास धरौली में मगध एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 20802) हादसे का शिकार हो गई। नई दिल्ली से पटना जा रही यह ट्रेन अचानक दो हिस्सों में बंट गई।

फिलहाल इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। मगध एक्सप्रेस डुमरांव स्टेशन से 8 मिनट की देरी से सुबह 11÷00 बजे चली थी और 11÷06 मिनट पर टुड़ीगंज स्टेशन पार करने के बाद ही हादसे का शिकार हो गई। हालांकि, ट्रेन के पटरी से उतरने की पुष्टि नहीं हो पाई है। घटना के बाद रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और जांच जारी है। इस घटना से यात्रियों



में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन अभी तक किसी बड़े नुकसान की कोई सूचना नहीं है। रेलवे ने आवश्यक कदम उठाते हुए यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। बताया जा रहा है कि एस 7 कोच की कप्लिंग टूटने से मगध एक्सप्रेस दो हिस्सों में बंट गई। इस कारण एस 7 डिब्बा एसी कोच के साथ आगे बढ़ गया, जबकि बाकी ट्रेन वहीं खड़ी रह गई। दो हिस्सों में बंटने से ट्रेन के यात्रियों में हड़कंप मच गया। जब वास्तविक स्थिति बताई गई तब स्थिति सामान्य हुई। फिलहाल इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

**कोलकाता कांड :**

## ट्रेनी डॉक्टर की हत्या से खफा TMC सांसद ने राज्यसभा से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में लेडी डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने रविवार को इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी को पत्र लिखकर कहा कि मैंने अपना पद छोड़ने का फैसला लिया है. जवाहर सरकार ने ममता बनर्जी को लिखे पत्र में कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि आरजी कर अस्पताल में हुई दरिंदगी को लेकर वह तुरंत



कोई सख्त कदम उठाएंगी. वह पुरानी ममता बनर्जी की तरह इसपर एक्शन लेंगी. लेकिन उन्होंने तुरंत कोई ठोस कदम नहीं उठाया. कदम उठाया भी तो बहुत देर हो चुकी थी.

## तूफान यागी चपेट में दक्षिण चीन, चार लोगों की मौत 95 घायल

**बीजिंग,(एजेंसी)।** दक्षिण चीन के हैनान प्रांत में भीषण तूफान 'यागी' से चार लोगों की मौत हो गई और 95 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार शाम एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। प्रांतीय आपातकालीन प्रबंधन विभाग के अनुसार, हैनान में 5लाख 26 हजार से अधिक लोग तूफान से प्रभावित हुए हैं। साल का 11वां तूफ़ान यागी शुक्रवार को दो बार आया, पहले हैनान प्रांत और बाद में ग्वांगडोंग प्रांत में।

## 'बृजभूषण कोई देश नहीं'

**जींद (एजेंसी)।** कांग्रेस में शामिल होने के बाद हरियाणा की जुलाना सीट से टिकट हासिल करने वाली पहलवान विनेश फोगाट का आज सियासी अवतार देखने को मिला. अपने ससुराल में चुनाव प्रचार को शुरू करने के दौरान विनेश फोगाट ने कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के आरोपों पर जमकर पलटवार किया. कांग्रेस के महिला पहलवानों को उकसा कर यौन शोषण के आरोप लगवाने और उनको धरने पर बिठाने के आरोपों पर विनेश फोगाट ने पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह का जवाब दिया है. विनेश फोगाट ने



कहा कि 'हमें जंतर-मंतर पर बीजेपी के लोगों ने बिठाया था. उन्होंने ही पहली बार जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए परमिशन ली थी. विनेश फोगाट ने कहा कि बृजभूषण सिंह कोई देश नहीं है. अब वो एग्जिस्ट नहीं करता है.'

## मध्य गाजा में 2 इस्लामिक जिहाद कमांडर ढेर

**यरूशलम (एजेंसी)।** इजरायली हवाई हमले में फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) आंदोलन के दो बटालियन कमांडर मध्य गाजा पट्टी में हाल ही में मारे गए। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। आईडीएफ ने कहा कि इजरायली विमानों ने गुरुवार को हमास और पीआईजे आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले दीर अल-बलाह शहर में एक कमांड और कंट्रोल सेंटर पर ÷सटीक हमला÷ किया।

## 'गैर-हिंदुओं और रोहिंग्या मुस्लिमों का यहां घुसना मना हैं'

**रुद्रप्रयाग.** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में कई गांवों के बाहर कथित तौर पर गैर-हिंदुओं और फेरीवालों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने वाले साइनबोर्ड लगाए गए हैं, जिसके बाद राज्य पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, जबकि मुस्लिम संगठनों ने समुदाय को निशाना बनाने वाले मामलों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई है. इस बीच, उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अभिनव कुमार ने बताया कि उन्होंने स्थानीय पुलिस और खुफिया इकाइयों को



कई गांवों में ऐसे बोर्ड लगाए जाने की रिपोर्ट का पता लगाने का आदेश दिया है. रुद्रप्रयाग के सर्कल अधिकारी प्रबोध कुमार घिल्डियाल ने पुष्टि की कि उन्होंने कई साइनबोर्ड हटा दिए और उन्हें लगाने वालों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं.

## राहुल गांधी के अमेरिका पहुंचने पर लगे इंडिया-इंडिया के नारे

**ह्यूस्टन (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 3 दिवसीय यात्रा पर आज अमेरिका पहुंच गए हैं। इस दौरान सैम पित्रौदा समेत अन्य कांग्रेस नेताओं और समर्थकों ने वहां उनका स्वागत किया। विदेश में अक्सर मोदी सरकार पर हमला करने वाले राहुल गांधी का अमेरिका पहुंचने के बाद एक बड़ा बयान सामने आया है। इस बार उन्होंने दोनों देशों के रिश्तों पर अपना पहला वक्तव्य दिया है। राहुल ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंधों



को और मजबूत करने के लिए सार्थक एवं गहन बातचीत करेंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल ने 'फेसबुक' पर एक पोस्ट में कहा, अमेरिका के टेक्सास प्रांत के डलास में भारतीय प्रवासियों और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के सदस्यों ने गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया, जिससे मैं वास्तव में बहुत प्रसन्न हूं। राहुल गांधी के अमेरिका पहुंचने पर इंडिया-इंडिया के नारे लगे और तिलककर उनका स्वागत किया गया।? अमेरिका आगमन की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए राहुल ने कहा, ÷मैं इस यात्रा के दौरान सार्थक चर्चाओं और गहन बातचीत में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं, जिससे दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे।

## यमन के हूती समूह ने अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया

**सना, (एजेंसी)।** उत्तरी यमन पर शासन कर रहे शिया आंदोलन अंसार अल्लाह (हूती) ने उत्तर-पश्चिमी यमन में अमेरिकी टोही ड्रोन एमक्यू-9 रीपर को मार गिराया। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। श्री सरिया ने अल-मसीरा को बताया, 卐मारिब प्रांत में दुश्मन के मिशन को अंजाम देते समय एक अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया गया। यह ड्रोन गाजा के समर्थन में लड़ाई और पवित्र जिहाद के दौरान मार गिराया गया।

## हिंदू मतदाताओं को डराने की कोशिश कर रही भाजपा

**कश्मीर (एजेंसी)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि भाजपा यह दावा करके लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है कि यदि नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन जम्मू-कश्मीर में सत्ता में आया तो आतंकवाद फिर से सिर उठा लेगा। श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेता झूठा डर पैदा करके जम्मू-कश्मीर के हिंदू



मतदाताओं को ''डराना'' चाहते हैं और इसलिए अपना चुनाव अभियान जम्मू पर केंद्रित कर रहे हैं। अब्दुल्ला ने कहा कि भाजपा यह दावा करके लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

## संपादकीय

# मौत की सजा प्रतिशोध?



*मौत की सजा हमेशा से विवादों में रही है। इस पर एक बार फिर बहस होने लगी है। मृत्युदंड के मुद्दे पर समाज दो धड़ों में बंटा हुआ है। एक वे लोग हैं, जो इसे न्याय मानते हैं, दूसरी ओर वे लोग हैं, जो इसे प्रतिशोध मानते हैं। मृत्युदंड की सजा की वकालत करने वाले यह मानकर चलते हैं, इससे अपराधों में कमी आएगी। जिन देशों में मृत्युदंड दिया जाता है। वहां पर भी अपराधों में कोई कमी नहीं होती है। वहां पर भी समय के साथ अपराध बढ़ रहे हैं। एक पक्ष इसे मानवाधिकारों का उल्लंघन मानता है। मौत की सजा अपराधियों को सुधरने का मौका नहीं देती है। यह सिर्फ एक प्रतिशोधात्मक कदम है। जो अपराधी उत्तेजना या क्षणिक आवेश में अपराध का कारण बनता है। वह अपराधी का मूल स्वभाव नहीं होता है। ऐसी स्थिति में उसे सुधरने का मौका दिया जाना ही न्याय संगत होता है। बड़ी संख्या में लोग तर्क देते हैं, जघन्य अपराधों के लिए मौत की सजा जरूरी है। मृत्युदंड का भय अपराधियों में बना रहे, समाज में कानून का सम्मान हो। इससे अपराध कम होंगे। सवाल यह है, कि मृत्युदंड की सजा वाकई अपराध को रोकने में प्रभावी है? आंकड़े बताते हैं, कि उन देशों में जहां मौत की सजा दी जाती है। वहां अपराध की दर में कोई कमी नहीं आई है। इससे स्पष्ट है, कि मृत्युदंड की सजा भी अपराधों को रोकने में प्रभावी नहीं है। जितना मृत्युदंड के समर्थक कहते हैं। मानवाधिकारों के समर्थक मृत्युदंड को अमानवीय मानते हैं। उनका कहना है कि किसी भी स्थिति में इंसान को जीवन से वंचित करने का अधिकार किसी के पास नहीं होना चाहिए। न्यायिक गलतियों के मामले में, मृत्युदंड की सजा और भी खतरनाक साबित हो जाती है। एक बार यदि गलती से भी मृत्युदंड की सजा दे दी गई, तो उसे वापस नहीं लिया जा सकता है। कई उदाहरण हैं, जहां निर्दोष लोगों को मौत की सजा दी गई, जो बाद में न्यायालयों में गलत प्रमाणित हुई। हाल ही में कन्हैया लाल की मौत के आरोपी को हाईकोर्ट ने जमानत दी है। केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने उसे गलत तरीके से आरोपी बनाकर जेल भेज दिया था। यदि उस घटना के तुरंत बाद उसे तत्काल न्याय के नाम पर मृत्यु दंड दे दिया जाता, तो क्या उसके साथ न्याय होता, क्या इस तरह से न्यायिक व्यवस्था को बेहतर और विश्वसनीय बनाकर रखा जा सकता है?*

## चिंतन-मनन

# सृष्टि के परम स्वामी कृष्ण



मनुष्य को जानना चाहिए कि भगवान कृष्ण ब्रह्मांड के सभी लोकों के परम स्वामी हैं। वे सृष्टि के पूर्व थे और अपनी सृष्टि से भिन्न हैं। सारे देवता इसी भौतिक जगत में उत्पन्न हुए, किंतु कृष्ण अजन्मा हैं, फलतः वे ब्रह्मा और शिव जैसे देवताओं से भी भिन्न हैं। और चूंकि वे ब्रह्मा, शिव तथा अन्य समस्त देवताओं के स्रष्टा हैं अतः समस्त लोकों के परम पुरुष हैं। परमेश्वर का ज्ञान प्राप्त करने के लिए मनुष्य को समस्त पापकर्मों से मुक्त होना चाहिए। जैसे कि भगवद्गीता में कहा गया है, उन्हें केवल भक्ति के द्वारा जाना जा सकता है, किसी अन्य साधन से नहीं। मनुष्य को चाहिए कि वह कृष्ण को साधारण मनुष्य न समझे।

इस जगत में शुभ या अशुभ वस्तुओं का बोध बहुत कुछ मनोधर्म है क्योंकि इस भौतिक जगत में कुछ भी शुभ नहीं है। प्रत्येक वस्तु अशुभ है। क्योंकि प्रकृति स्वयं अशुभ है। हम इसे शुभ मानने की कल्पना मात्र करते हैं। वास्तविक मंगल तो पूर्ण भक्ति और सेवाभाव से युक्त कृष्णभावनामृत पर ही निर्भर करता है। अतः यदि हम तनिक भी चाहते हैं कि हमारे कर्म शुद्ध हों, तो हमें परमेश्वर की आज्ञा से कर्म करना होगा। ऐसी आज्ञा श्रीमद्भागवत तथा श्रीमद्गीता जैसे शास्त्रों या प्रामाणिक गुरु से प्राप्त की जा सकती है। चूंकि गुरु भगवान का प्रतिनिधि होता है, अतः उसकी आज्ञा प्रत्यक्षतः परमेश्वर की आज्ञा होती है। गुरु, साधु तथा शाप एक ही प्रकार से आज्ञा देते हैं। इन तीनों स्रोतों में कोई विरोध नहीं होता। कर्म संपन्न करते हुए भक्त की दिव्य मनोवृत्ति वैराग्य की होती है, जिसे संन्यास कहते हैं। जैसा कि भगवद्गीता के छठे अध्याय के प्रथम श्लोक में कहा गया है कि जो भगवान का आदेश मानकर कोई कर्त्तव्य करता है और जो अपने कर्मफलों की शरण ग्रहण नहीं करता, वही असली संन्यासी है। जो भगवान के निर्देशानुसार कर्म करता है, वास्तव में संन्यासी और योगी वही है।

# चूहामुखी विकास

व्यंग्य

वक्रासन



कुछ स्मृतियाँ भुलाए नहीं भूलतीं। एक बार बेटे के स्कूल का वार्षिक समारोह था। शहर के प्रथम मिशनरी स्कूल का वार्षिक समारोह। मिशनरी स्कूल है तो जाहिर है, उनकी मुख्य संस्था के इम्पोर्टेड पादरी भी आए हुए थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को बताया गया कि शहर के बच्चे और उनके पेरेंट्स ज्यादातर हिंदी भाषी हैं तो आपको हिंदी में ही भाषण देना है। उनकी विवशता साफ झलक रही थी, लग रहा था जैसे सोनिया गांधी जी अपना पहला हिंदी भाषण दे रही हों। बिलकुल ऐसे ही जैसे श्री इडियट्स में चतुर का भाषण चल रहा हो। कई शब्द उन्होंने इजाद किए,हालांकि चमत्कार को बलात्कार तो नहीं बोला, स्थान को स्तन तो नहीं बोला। कई हिंदी के नए शब्द उनके द्वारा गढ़े गए, कुछ मुझे अभी तक याद रहे। उन्हें में से एक शब्द था -'चूहामुखी' वास्तव में वो कहना चाह रहे थे स्कूल के चन्हुमुखी विकास की बात, लेकिन उनके मुंह से निकल चूहामुखी विकास।' खैर उस समय तो मैं भी उनके भाषण पर थोडा हँस लिया, बस बात आई गई हो गई। लेकिन आज अचानक मुझे याद आया, जब गणेश चतुर्थी नजदीक आ रही थी, गणेश जी का संस्मरण आते ही उनकी सवारी चूहा राजा जरूर याद आता है।

और फिर ये शब्द 'चूहामुखी विकास' एक दम मेरा दिमाग कौंदा-पादरी जी सही तो कह रहे थे,ये कालजयी शब्द बहुत पहले अनायास ही उनके द्वारा गढ़ लिया गया था।आज लोकतंत्र में विकास 'चूहामुखी' ही तो हो रहा है ,चूहों को ध्यान में रखकर किया जाने वाला विकास।

यूं तो कौन चूहा है, कौन आदमी है, कहना बड़ा मुश्किल है। आदमी चूहा बन सकता है, पर चूहा आदमी नहीं बन सकता। और हाँ, पति बिरादरी के लोग तो अपनी चूहागिरी की दर्द-ए-दास्तान सुनाते मिल ही जाएंगे, ये चूहा भी ना कभी शेर था कहते हुए, लेकिन मुझे लगता नहीं आदमी को कभी शेर बनने का मौका मिला हो।वो कुत्ता बन सकता है, गधा, भेड़िया ,सियार,कीड़ा,मकौड़ा सब बन सकता है, लेकिन शेर नहीं बन सकता। हाँ, वक्त आने पर शेर जैसा महसूस कर सकता है, 'अपने मुँह मियाँ शेर बन सकता है।' अब देश में चूहे देखो न कहाँ कहाँ नहीं घुस आए, पूरा लोकतंत्र कुतर के रख दिया है। लोकतंत्र के चारों पिलर कुतरे जा रहे हैं।जगह-जगह बिल बना दिए हैं। गड्डे ही गड्डे।और इन गड्डों में लोकतंत्र की खटारा गाडी बस धिचकोले खाते घिसट रही है। और पिलर ,आपको पता ही है ,जहाँ भी पिलर होते हैं ,वहां कुत्ते अपना अधिकार जमा लेते हैं, इस गलत फहमी के साथ की ये उनके लिए खड़े किये हैं।

अब इन चूहों की कारस्तानी आप सभी को पता है। इन्हें आपके घर में रहने के लिए परमिशन नहीं मांगनी पड़ती। कोई पहचान पत्र नहीं दिखाना पड़ता। ये कब आपके घर में बिल बना लें पता ही नहीं चलेगा। ये अपने खाने का इंतजाम कर ही लेंगे। मान न मान तेरा मेहमान की तर्ज पर ,अपने हिस्से का खाना टैक्स के रूप में कुतर कुतर कर ले जाएंगे, बिल में रखेंगे, आपको पता ही नहीं चलेगा। आपको लगेगा की कुछ ही तो कुतरा है ,बाकी अपने लिए है ,लेकिन कब इनका कुनबा बढ़ जाए आपको पता ही नहीं लगेगा ,पता लगा की जो बचा है वो भी खाने लायक नहीं रहा,सड गया, चूहों की मेंगनी भरी पडी है।

आप शिकायत करेंगे, चूहों से परेशानी है ,फिर चूहे-दानी आप से खरीदवाएंगे।चूहे भी सरकार के ,चुहेदानी भी सरकार की। चूहेदानी रखवा दी जाएगी।चूहों को पिंजरे में बंद करेंगे, आपको लगेगा कि समस्या का हल हो गया।लेकिन चूहा पकड़ कर आपके पड़ोस में डाल देंगे, दो दिन बाद चूहा वापस आपके घर में।चूहे गीद चुके हैं, ये घर छोड़ने वाले नहीं है। आप समझ रहे हैं कि आप घर के मालिक हैं, नहीं आप घर के मालिक हैं, लेकिन इन्होंने बिल खोद कर घर की नींव खोखली कर दी है, कब इमारत गिर जाए, कुछ पता नहीं।चूहों का क्या है, आपका घर गिरा तो फिर आपके पड़ोसी के घर चले जाएंगे। बस अब तो पिंजरे पड़े कबाड़ हो रहे हैं।

आपको चूहों को मारने की दवा बताएंगे। आप दवा खरीदेंगे, दवा घर में रखी चूहों को मारने के काम नहीं आ रही है, वह उधर आदमियों को मारने के काम आ रही है।दूकान वाला अगर दवा दे भी देगा ,उधर चूहों को इत्तिला कर देता है होशियार रहना,आज शर्मा का बच्चा दवाई लेकर गया है ,आज उपवास रखना। आप इन्हें मारना भी चाहेंगे तो पहली वार तो मरेंगे नहीं ,अगर खुदा ना खस्ता कोई मर भी गया तो मर कर भी आपका पीछा नहीं छोड़ेंगे। ऐसी सडांद मारेंगे कि आप अगली बार भूल जाएंगे इन्हें मारना।

बस चूहा पकड़ा-पकड़ी का खेल चल रहा है। चूहे अब समझदार हो गए हैं, बिल्लियाँ से भी गठबंधन कर लिया है। बिल्ली अब चूहे नहीं खाती, उसका 100 चूहे का टारगेट कभी का पूरा हो चुका है ,उसे तो अब हज को जाना है। उसने अपनी मर्जी से चूहों से घंटी बंधवा ली है। साथ में माला कंठी भी।बिल्लियों को भी तो चुनाव लड़ना है आखिर। चूहे बिल्लियों के चुनाव प्रचारक हो गए हैं। बिल्लियों ने चूहों का हाथ पकड़ कर कर अनाउंस कर दिया है कि चूहे अब बहादुर हो गए हैं।

कुत्ता आपकी रोटी खाएगा तो बजाएगा भी, वफादारी निभाएगा, अपनी पूंछ हिलाएगा, अपनी कुत्तागिरी का नमूना आने जाने वालों पर भोंककर दिखाएगा। आपने अगर उसे पाला भी है तो भी बाहर बरामदे में उसका निवास रहेगा।चूहा इन बातों का मोहताज नहीं, वो घर के अंदर ही बिल बनाएगा, वहीँ रहेगा। वो सिर्फ खायेगा ,बजाएगा तो बिल्ली की ही।

उसे सिर्फ खाना आता है, वफादारी क्या बला है उसे नहीं पता। कुछ चूहे हैं जो दीवारें फांदकर नहीं ,नीचे नींव में बिल बनाकर बॉर्डर पार से भी घुस आए हैं।यहाँ बिल बना कर रह रहे हैं। जमीन के अंदर। बाहर कुछ नहीं दिखता। लेकिन अंदर ही अंदर जमीनें खोखली कर रहे हैं, पार्टियां इन्हें पाल पोस रही हैं।

इन्हें पूजा जा रहा है। भोग लगाया जा रहा है। इनको नागरिकता दी जा रही है। देश के सच्चे नागरिक घोषित किया जा रह है। इन्होने अपनी पॉपुलेशन बढ़ा ली है।ये सिर्फ खाते नहीं है,बदले में वोट की मेंगनी भी निकलते हैं ,इस वोट की मेंगनी की खाद से नताओं की राजनीति की फसल लहलहा उठी है। सरकारें भी चूहों के पालने पर जोर दे रही हैं। मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए खासकर बैंक लोन वाले फाइनेंस कंपनियां, सेल ,डिस्काउंट ,ऑफर, एक के ऊपर एक फ्री के नाम पर नए नए चूहे ऑफर हो रहे हैं। बाद में वो धीरे-धीरे अपकी आमदनी को कुतरेंगे। टैक्स वाला चूहा परमानेंट बैठा ही दिया है। परिवार बढ़ा लिया है। सरप्लस टैक्स, इनकम टैक्स,हाउस टैक्स,रोड टैक्स,अलाना टैक्स,फलाना टैक्स ,देखते ही देखते टैक्स चूहे का कुनबा बढ़ गया। थोड़े दिनों में सांस लेने का टैक्स, हवा और पानी का टैक्स, सोचने का टैक्स ये ,चूहे भी गर्भधारण कर चुके हैं ,जल्दी ही डिलीवर हो जाएँ।सरकारी दफ्तरों में बड़े-बड़े चूहे मुस्तैद से कुर्सी पर धंसे हुए, फाइलों के ढेर को कुतर रहे हैं। उन्हें कुछ और आप खाने को देंगे तो आपकी फाइल बची रह जायेगी वरना फाइल का कुतरना निश्चित है।

**डॉ मुकेश असीमित**

# गणेशोत्सव में गजानन आह्वान



गिरिजानंदन, लम्बोदर गणपति ज्ञान का अलौकिक प्रकाश स्वरुप है। शुभारम्भ के जनक है शिवनंदन, इसलिए हम अच्छे कार्य की शुरुआत को श्रीगणेश करना कहते है। शास्त्रों एवं पुराणों में विघ्न विनायक को ओंकार स्वरुप वर्णित किया गया है। प्रथम पूज्य गणेश का स्मरण हमारे सारे मनोरथों को पूर्ण करने वाला है, क्योंकि वे हमें ज्ञान के साथ विवेक भी प्रदान करते है। वर्तमान समय में सर्वत्र गणेशोत्सव की धूम दिखाई दे रही है। यदि हम निःश्छल मन और पूर्ण निष्ठा भक्ति भाव से गजानन का आह्वान करते है तो जीवन में आनंद और उत्साह के प्रसून प्रफुल्लित हो जाएंगे। भक्तजन आपके अनेक नामों का स्मरण करते है। ध्यान, पूजन एवं अर्चना कर अपने जीवन को भी निर्विघ्न बनाना चाहते है। इस गणेशोत्सव में चहुं ओर आपके आने का हल्ला है। अब सबके दुःख हरने का जिम्मा शिव-पार्वती के लल्ला को है। गौरीनंदन आपकी महिमा अपरम्पार है। एकदन्त मंगलमूर्ति आप ही शिव के उत्तराधिकारी है, जो सबके कष्ट-क्लेश दूर कर सकते है। विघ्नविनायक आपकी भक्ति तो सदैव शुभ फलदायक होती है। दीन-दुःखियों के उद्धारक, गिरिजासूत, मंगलकारक, रिद्धि सिद्धि के स्वामी, शुभ-लाभ के दाता, सिद्धिविनायक सभी भक्तों पर अपनी कृपा दृष्टि डालें। हे गजानन हमारे मन रूपी उपवन को सुगन्धित विचारों से महका दो। कलुषित विचार एवं दुर्भावना को क्षीण कर दो। सौहार्द्र और सुमन के पुष्प चहुं ओर पल्लवित कर दो। अपनी बुद्धि और विवेक की स्नेहिल छाया प्रदान करों। हे लम्बोदर भक्तजन इस भवसागर को पार करने के लिए आपका आशीर्वाद चाहते है। हमारे जीवन में भटकाव को न्यून कर दीजिए एवं उत्तमकोटि की एकाग्रता प्रदान कीजिए। गणेशजी की आरती में उल्लेखित है कि आप नयनसुख, सुन्दर काया, संतान सुख एवं अर्थ भी सहजता से प्रदान करते है एवं आपको ताम्बूल, पुष्प, मोदक, दूर्वा इत्यादि अत्यंत प्रिय है। जीवन में मिठास का महत्त्व तो आप अपने मोदक प्रिय स्वभाव से परिचित कराते है। शिव-पार्वती के दुलारे को भक्तजन बप्पा कहकर पुकारते है। बप्पा का आगमन तो अनूठी प्रसन्नता एवं उल्लास लेकर आता है। दयावंत शिव-पार्वती नंदन तो दुःख भंजन स्वरुप है। गणेशजी के द्वादश नाम तो भक्त को सदैव स्मरण करते रहना चाहिए एवं बच्चों को भी विद्या अर्जन में सरलता के लिए प्रतिदिन द्वादश नाम का वाचन करना चाहिए। गणपति की अनेक स्तुति हमारे शास्त्रों में वर्णित है। साधक किसी भी स्तुति का पुरे मन से पाठ कर सकता है एवं मनोवांछित फल प्राप्त कर सकता है। अभीष्ट फल की प्राप्ति हेतु गणपति अथर्वशीर्ष भी एक श्रेयस्कर स्तुति है।

महाँकाल के लाल होने के कारण शिव सी सरलता उनमें भी विद्यमान है। इसलिए पूजन में मूर्ति का अभाव होने पर यदि ताम्बूल के ऊपर सुपारी रखकर श्रीगणेश का पूर्ण श्रृद्धा से आह्वान किया जाए तब भी वे कार्य की सिद्धी में विलम्ब नहीं करते। पार्थिव अर्थात मिट्टी के गणपति का विसर्जन हमें सीख देता है कि हमारा अंत तो मिट्टी में मिल जाना ही है। महाँकाल के युवराज आप सभी कार्यों को पूर्णता प्रदान करते है, इसलिए हम सभी को पुरे हर्षो-उल्लास से इसे अनूठे उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। ईश्वर का सृजन भी कितना श्रेयस्कर है कि जीवन में विघ्न आना निश्चित है, तो विघ्नविनायक की कृपा भी सृष्टि की रचना का अद्वितीय अंग है। शिव अर्थात कल्याण एवं उमा यानि शक्ति के पुत्र गजानन तो मानवमात्र के मंगल करने के लिए ही प्रकट हुए है। विघ्नहर्ता हमें निर्विघ्न कार्यों को सम्पादित करने की शक्ति दे एवं समस्त जीवों को धन-धान्य एवं सुख-समृद्धि की परिपूर्णता प्रदान करों। विद्या के अथाह सागर और बुद्धि के विधाता से इस गणेशोत्सव यही प्रार्थना है कि वे हमें जीवन में विघ्नों से मुक्ति प्रदान करें एवं आनंद और कल्याण का मार्ग प्रशस्त करें।

**डॉ. रीना रवि मालपानी (कवयित्री एवं लेखिका)**

# चाय और चकोर



मेरे मित्र चकोर जब स्थाई तौर पर दिल्ली में रहते थे, तब भी कभी ऐसा मौका नहीं आया जब वे चाय पीने बाजार गए हों। हाँ, दफ्तर की कैंटीन में वे अवश्य यदाकदा चाय पी लेते थे लेकिन वहां चाय बाजार में मिलने वाली चाय से आधे दाम पर मिलती थी। जहां तक कैंटीन की चाय का सवाल है, जब तक चकोर कैंटीन कमेटी के सदस्य रहे, शायद ही उन्होंने कभी चाय पर कोई पैसा खर्च किया हो। खैर, सेवा से निवृत होने के बाद चकोर अब पिछले कई वर्षों से साल में पांच - छह महीनों के लिए विदेश जाने लगे। इस बार वे अपने विदेश भ्रमण से सपत्नीक जब वापस आए तो कल शाम उनके साथ एक मज़ेदार घटना घटी। उस घटना के वक्त मैं स्वयं भी उनके घर में मौजूद था। फलस्वरूप, जो कुछ घटा, वह मैं यहां ज्यों का त्यों वर्णन कर रहा हूँ। दरअसल, चकोर से मैं उनकी अमेरिका यात्रा पर चर्चा कर रहा था कि तभी उनके दरवाजे की घंटी बजी। चकोर ने उठकर दरवाजा खोला तो सामने एक लड़का हाथ में दो भरे हुए थैले लिए खड़ा था। चकोर ने उसे थैले नीचे रखने के लिए कहा और पूछा कि कितने पैसे देने हैं ? उस लड़के ने जवाब दिया - सर, सत्रह सौ रुपए। चकोर ने अपनी कमीज की जेब से उसे पहले सत्रह सौ रुपये पकड़ाए और फिर एक दस रुपए का नोट उसकी तरफ बढ़ाते हुए कहा - बेटे, यह तुम्हारी चाय के लिए है। चकोर की इस बात को सुनकर उस लड़के ने चेहरे पर खीज के भाव लाते हुए कहा - सर, रहने दीजिए। दस रुपए में चाय दस साल पहले मिला करती थी।

**- सुभाष चंद्र लखेड़ा**

# इन्दौर में गणेशोत्सव की परम्परा





**कार्यक्रमों में कृष्णपुरा राम मंदिर धीरे-धीरे यह गणेशोत्सव जगह- जगह इन्दौर की गलियों पर पहँचा नाटक गायन वादन खेल स्पर्धाएं कव्वाली भजन कीर्तन तेजाजी की कथा रिकर्ड एक्शन नाटक फिल्म प्रदर्शन कवि सम्मेलन आदि कार्यक्रमों के साथ आजादी के बाद भी मनाया जाता रहा। आजादी के बाद इन्दौर की 6 कपड़ा मिलों में भी यह उत्सव मनाया जाने लगा। देशभक्ति पौराणिक राष्ट्रीय झांकियाँ निकलने लगी। उस वक्त सिर्फ मिलों की झांकियों का चल समारोह के साथ अखाड़ों भी विधिवत निकालते थे। दस दिनों तक स्थापना के बाद कपड़ा मिलों में अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन होता था। कपड़ा मिलें बन्द भी हई फिर झांकियाँ निकलना जारी है। गणेशोत्सव की विशेष देन कपड़ा मिलों की झाँकियाँ हैं। आज कपड़ा मिलें बन्द हैं फिर भी झांकियाँ के निकलने क परम्परा जारी है। धन्य है लोकमान्य तिलक जिन्होंने दूरदर्शिता से गणेशोत्सव को माध्यम बनाकर संस्कृति का विकास किया।**

सौ साल पहले शुरू हुई झांकियों की जगमगाहट अब भी बरकरार है। कपड़ा मिलें शुरू हुई और साथ आई झांकी की परम्परा मिलें बन्द हुई मजदूर के चूल्हे बुझे लेकिन झांकी की रोशनी को न बुझने दिया। अनन्त चतुदर्शी पर फिर बड़ी चमकती दिखाई देखी लेकिन आयोजकों और कलाकारों का दर्द नहीं सरकार की मदद की दरकार करने वाले झांकी आयोजकों को आखिरकार राजनेताओं और अन्य के आगे हाथ फैलाना पड़ते हैं। कलाकारों के मुताबिक ये सब करना उनके लिए। मायने नहीं रखता मायने रखता है तो परम्परा को बरकरार रखना। मिलों में झांकियाँ तो अब भी निकलती है पहले मिलों में काम करने वाले सैकड़ों की संख्या में इन झांकियों को बनाने में जुटे रहते थे और उत्साह का माहौल होता था। लेकिन अब कुछ गिने चुने हीलोग इन झांकियों का निर्माण करते हैं। पहले मिलों द्वारा काफी सहूलियत मिल जाती थी अब तो सभी चीजों को खरीद फरोख्त करना पड़ती है। अपना काम छोड़कर झांकियों का निर्माण तो कर लेते हैं परन्तु इनको उचित राशि नहीं मिलती इन्दौर कीशान झांकियों को किसी भी तरह लोगों के दर्शानार्थ बनाते हैं गणेशजी की कृपा है और भरोसा भी है कि वह किसी भी प्रकार से प्रबंध करा ही देते हैं। आयोजकों का कहना है कि झाँकियों का स्वरूप छोटा क्यों न हो लेकिन हम इस परम्परा को आगे बढाते रहेंगे। इन्दौर गणेशोत्सव का त्यौहार मनाने के पीछे कई कारण हैं। वैसे तो गणेशोत्सव का त्यौहार पूरे भारत में मनाया जाता है। इदौर शहर को मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी कहा जाता है। साहित्यकला, संगीत, नाटक नृत्य आदि विधाओं में इन्दौर में एक से एक ब.ढकर कलाकार, कर्मी, नृत्यांगनाएं, नृत्याकर, संगीतकार राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय जगत में इन्दौर का नाम रोशन कर रहे हैं। कहने का अर्थ है कि इंदौर की गणेशोत्सव परम्परा की देन है। गणेशोत्सव की प्रेरणा पुरुष लोकमान्य गंगाधर तिलक गुलाम देश की आजादी का बिगुल बजानें एक जुगत बनाई कि लोगों की एक कैसे इकट्ठा हो सके इसलिए धर्म का रास्ता अपनाया और गणेश की पूजा, अराधना चलसमारोह की आड़ में देश के क्रांतिकारीजन समुदाय को जोड़ा और अंग्रेजों के खिलाफ भारत छोड़ो आंदोलन की रूपरेखा बनाई। तिलकजी 189× में महाराष्ट्र से जाग्रति संगठन हेतु विद्यार्थियों के समूह द्वारा गणेशोत्सव एवं शिवाजी उत्सव प्रारम्भ किया। गणेशोत्सव के रूप में सार्वजनिक उत्सव के अन्तर्गत घर से बाहर गली-गली में गणेशोस्तव के साथ शिवाजी उत्सव शुरू हुए और इन्हीं उत्सवों को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्ति का संदेश देने का लक्ष्य बनाया गया। इन्दौर में वैसे 1896 से गणेशोत्सव का शुभारम्भ नन्दलालपुरा स्थित कृष्णपुरा छतरियों के पास प्राचीन दत्त मंदिर से होल्कर स्टेट एवं अंग्रेज हुकूमत में रहनेवालेभारतियों ने एक योजना बनाकर समाज को इकट्ठा करने के लिये उत्सव के लिए प्रेरित किया। होलकर कालेज के देशभक्त प्रोफेसर और स्वराज संबंधी गणेशोत्सव के अन्तर्गत धार्मिक रूप से बौद्धिक विचार के साथ-साथ स्वतंत्रता आंदोलन संबंधी गुप्त मंत्रणा होती थी। दामू अण्णा होटल के पास भजन कीर्तन तथा राष्ट्रीय व्यख्यान होते थे।

सन 1896 से 1908 तक यह उत्सव खुले रूप से कम होता रहा क्योंकि इन्हीं दिनों शिवाजी उत्सव को अ'छा नहीं मानते हुए अंग्रेजों ने आयोजन बन्द करा दिया। इसके बावजूद गुप्त रूप से कहीं खुल कर क्रांतिकारी नेता इसे बन्द कराने में नाकाम रहे और गणेशोत्सव का स्वरूप लोकमान्य तिल को ×1 जून 1908 को अंग्रेजी के 1908 से कुछ विस्तारित हुआ। वहीं महाराष्ट्र में विरुद्ध बगावत के कारण 6 माह का कारावास हुआ और इसका प्रभाव इदौर के क्रांतिकारियों पर पड़ा और इसी दृष्टि से इन्दौर का सन 1908 का गणेशोत्सव क्रांतिकारी उत्सव माना जाता हैष इन्दौर जागरुक क्रांतिकारी युवकों को विद्रोही. भावना देखकर राष्ट्रीय आंदोलनों पर एवं गणेशोत्सव पर भी अंग्रेज सरकार ने पाबंदी लगाई त्ति* युवा विद्यार्थी पाबंदी होने पर भी शिवाजी उत्सव एवं गणेशोत्सव के आयोजन कराते रहे। इस दौरान कुछ गिरफ्तार कुछ कार्य करते ऐसा क्रम चलता रहा। इमली बाजार, रामबाग, कृष्णपुरा, जूनी इन्दौर, निवासी भाषियों सरवटे जी कोतवाल पुरुषोत्तम खाडेकर एवं प्रोफेसर व विद्यार्थियों सहित क्रांतिकारियों ने 1908 के गणेशोत्सव द्वारा पूरे शहर इन्दौर में स्वतंत्र क्रांति की सनसनी फैला दी। दत्त मंदिर में कीर्तन सुनने के बहानें क्रांति गुप्त मंत्रणा में लग गए। होलकर सरकार का गणेशोत्सव पाँच दिन का होता था। जुनी इन्दौर में गणेशषजी की प्रतिमा होलकरों के राजशाही ठाट बाट के साथ पालकी में लाई जाती थी। जहाँ राज 'योतिषि द्वारापूजन भजन कीर्तन आदि कार्यक्रम होते थे। गणेश हाल राजबाड़ा में पाँच दिनों तक आयोजन के बाद पांचवे दिन छत्रीबाग स्थित गणगौर घाट पर पाँच तोपों की सलामी के बाद गणेशजी की प्रतिमा को विसर्जित किया जाता था। उस समय वैण्ट पुलिस डफ वाले के साथ गणेशजी की पालकी की शोभा यात्रा में शामिल होते थे।

**-हीरालाल वर्मा**

## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवदीप सिंह को स्वर्ण और सिमरन शर्मा को कांस्य पदक जीतने पर दी बधाई

**इन्दौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पेरिस पेरालंपिक-2024 में पुरूष भाला फेंक एफ41 प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर नवदीप सिंह और महिला 200 मीटर टी12 दौड़ में सिमरन शर्मा को कांस्य पदक जीतने पर बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि नवदीप सिंह की यह स्वर्णिम उपलब्धि दृढ़ता और समर्पण की प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बेटी सिमरन शर्मा की माँ भारती को गौरवान्वित करने वाली यह सफलता भावी खिलाड़ियों को बुलंदी हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। प्रत्येक भारतीय को नवदीप सिंह और सिमरन शर्मा पर गर्व है।

### युवती को अकेला देखकर की गंदी हरकत

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** सुबह के समय घूमने के लिए निकली एक युवती को युवक ने अकेला देखा तो उसके साथ खोटा काम करने की नियत से उसका मुंह दबाकर झाड़ियों में ले गया और बलपूर्वक गंदी हरकत करने लगा। किसी तरह युवती ने विरोध करते हुए शोर मचाया तो उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और उसे बचाया। वहीं आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। मामला विजय नगर इलाके का है। हिंदू जागरण मंच के मानसिंह राजावत ने बताया कि रविवार सुबह मैं मार्निंग वाक पर था। तभी विजय नगर थाना क्षेत्र में मेदांता अस्पताल के पास झाड़ियों से बचाओ-बचाओ की आवाज सुनी। एक युवक पीड़िता का मुंह दबाकर अश्लील हरकत कर रहा था और उसने उसके साथ जबर्दस्ती करने की भी कोशिश की। इस पर वहां मौजूद लोगों की मदद से तुरंत युवक को पकड़ा और पूछा तो बोला कि युवती मित्र है। युवती से पूछी तो उसने युवक को पहचान लिया। युवक ने अपना नाम रवि प्रजापति बताया लेकिन छात्रा बोली उसका असली नाम सोहेल उर्फ साहिल खान निवासी होशंगाबाद है। तब उसकी लोगों ने पिटाई की व लेकर थाने पहुंचे। हिंदू जागरण मंच के राजावत के अनुसार बताया कि युवती ने बताया कि आरोपी साहिल इवेंट मैनेजमेंट कंपनी से जुड़ा है। ऐसे में उसके लव जिहाद में शामिल होने की भी आशंका है।

### पुराने विवाद में वकील से मारपीट

**इंदौर।** एक वकील के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पुराने विवाद के चलते हमला किया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया है।भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक रितिक पुत्र बलवंत रावल निवासी भावना नगर की शिकायत पर पुलिस ने शैलेन्द्र उर्फ बाबा पिता नारायण, भोंदू पिता भीमा और गार्डी पर केस दर्ज किया है। रितिक ने पुलिस को बताया कि वह पेशे से वकील है। शनिवार रात को वह अपने दोस्त गब्बर डीजे की दुकान पर खड़े थे, तभी आरोपी वहां पहुंचे। पूर्व में हुई कहासुनी को लेकर तीनों ने अपशब्द कहे। इसके बाद मारपीट शुरू कर दी। जैसे-तैसे बचाव किया। इस बीच रितिकके दोस्त भी यहां पहुंचे और आरोपियों से छुवाया। बाद में थाने आकर मामले में केस दर्ज करवाया है। आरोपियों ने वकील को जान से मारने की धमकी दी है।

### युवक-युवती को कार सवार युवकों ने पीटा

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** आधी रात को बाइक पर युवती के साथ जा रहे युवक को कार सवार आरोपियों ने रोक लिया और बोले आई लव यू। उन्होंने विरोध किया तो विवाद हो गया, इस पर आरोपियों ने दोनों की पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। भंवरकुआं पुलिस ने बताया कि घटना देर रात की है। फरियादी राज पिता राकेश कुमार गोयल मूलनिवासी मोरवा जिला सिंगरोली हाल पता अंबिकापुरी कालोनी की रिपोर्ट पर कार क्रमांक एमपी 08 सीबी 3777 में सवार युवकों पर केस दसर्ज किया है। राज ने बताया कि वह होस्टल में रहता है। घटना दिनांक की रात बाइक पर अपनी दोस्त के साथ जा रहा था तभी बाइक के सामने कार सवारों ने रोक लिया। कार से दो युवक बाहर आ गए और एक आरोपी ने हमें देखकर कहा आई लव यू। इस पर विरोध किया तो विवाद हो गया, मैंने अपने दोस्त ओम को मोबाइल पर काल कर बुला लिया। इस पर आरोपियों ने मेरे व मेरी दोस्त के साथ भी मारपीट कर दी। कार से अन्य युवक बाहर आए और गाली गलौज करने लगे। बाद में आरोपी जाते जाते धमका गए कि थाने पर रिपोर्ट लिखाने गए तो तु हें जान से खत्म कर देंगे।

### एचआईवी पीड़ित ने महिला से बनाए शारीरिक संबंध

**इंदौर।** पुलिस को 38 वर्षीय पीड़िता ने बलात्कार का मामला दर्ज करवाया है। आरोपी ने बीमारी छुपाकर यह कृत्य किया है। जब महिला बीमार हुई तो इस बात का खुलासा हुआ। राजेंद्र नगर पुलिस को पुलिस को पीडिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह शादीशुदा होकर अपने पति से अलग 15 साल के बच्चे के साथ रहती है। आरोपी को वह पहले से जानती है। पहचान का फायदा उठाकर पीडिता से दोस्ती करके अपनी पत्नी को तलाक देकर पीड़िता से शादी करने का वादा कर शारीरिक संबंध बनाये। बाद में पीड़िता के बेटे को मारने की धमकी देकर उसके साथ घर पर और अन्य जगह कई बार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाये। बताया जा रहा है बाद मै पीड़िता की तबीयत खराब रहने पर मेडीकल चैकअप कराया तो पीड़िता एचआईवी से संक्रमित पाई गई। जिसके बाद आरोपी से पूछने पर उसने बताया कि वह पहले से एचआईवी संक्रमित है।

### देवरानी-जेठानी में झगड़ा

**इंदौर।** एककार्यक्रम में काम को लेकर देवरानी-जेठानी में ऐसा झगड़ा हुआ कि एक दूसरे को जमकर मारा पीटा। मामला गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम लिंबोदा गारी का है । एक पक्ष से फरियादी पायल राठौर की शिकायत पर सुनील और उसकी पत्नी किट्टू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है । वहीं दूसरे पक्ष से सुनील की शिकायत पर पायल संतोषी और शिवम राठौड़ को आरोपी बनाया गया है । फरियादी पायल ने पुलिस को बताया कि उसके बड़े ससुर के नुक्ते का कार्यक्रम चल रहा था । परिवार के सभी लोग और मेहमान आए हुए थे । इस दौरान उसकी देवरानी किट्टू आई और आरोप लगाने लगी की उसने कोई काम नहीं किया इसी बात को लेकर पायल और किट्टू के बीच कहा सुनी हो गई। तभी किट्टू का पति सुनील वहां पहुंचा और भाभी को गालियां देने लगा। पायल ने विरोध किया तो आरोपियों ने जमकर मारा पीटा इधर सुनील ने आरोप लगाया कि उसकी भाभी पायल शराब पीती है। इसी बात को लेकर उनकी मां और भाई सुनील को शिकायत की थी। सुनील ने यही बात भाभी को बोली तो विवाद खड़ा हो गया। वह सुनील से झूमा झटकी करने लगी तो सुनील की पत्नी बीच विचार करने आई तब उसके साथ भी मारपीट की है।

### जिलाबदर बदमाश पकड़ाया

**इंदौर।** पुलिस ने एक जिलाबदर बदमाश को क्षेत्र में ही रहते हुए पकड़ा। 4 महीने पहले उसे जिलाबदर किया था। कल दोबारा वह इलाके में नजर आया। अब उसके खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम में कार्रवाई की गई बेटमा पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के कुख्यात बदमाश शानू उर्फ नेपाली को उसकी आपराधिक गतिविधियों के चलते इसी साल मई माह में इंदौर जिले के राजस्व सीमा से जिलाबदर किया गया था, बावजूद इसके वह दोबारा बेटमा में रहने आ गया। कल उसे बियानी गार्डन रोड पुलिया के नीचे से पकड़ा।

# आत्म प्रबंधन से ही व्यापार में कुशल प्रबंधन हो सकता है : श्री नीरज राजा कोचर






इंदौर सुनील वर्मा।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के व्यापार एवं उद्योग प्रभाग द्वारा ओमशांति भवन ज्ञानशिखर में व्यापार एवं उद्योग में सफलता के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुंबई से पधारे विराज प्रोफाइल प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष एवं मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज राजा कोचर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहां कि कोई भी कार्य हम करें तो पहले उसकी स्पष्टता मन में होनी चाहिए फिर उस अनुसार योजनाएं बनाएं तत्पश्यात उसे कार्यरूप में लाए तभी हम सफल हो सकते हैं। आगे आपने कहा कि मेरी इंडस्ट्री में 12000 लोग कार्य करते हैं ,मैं उन्हें अपने परिवार का सदस्य मानता हूं और पारिवारिक सदस्य की तरह ही उनसे व्यवहार करता हूं, जिससे उनकी कार्यक्षमता बेहतर होती है और वह अपना अच्छा प्रदर्शन दे पाते हैं । ब्रह्माकुमारीज के संपर्क में आने के बाद उनके जीवन में आए बदलाव को साझा करते हुए कहा कि यहां सिखाये जाने वाले राजयोग से मन सशक्त और सोच सकारात्मक बनती है। राजयोग में बड़ी सुंदर कला विचारों का ट्रैफिक कंट्रोल कैसे करना है सिखलाई जाती है, जिससे हमारी नकारात्मक सोच खत्म हो जाती है और हम सदा सकारात्मक ऊर्जा से स्वयं को भरपूर अनुभव करते हैं। आपने ब्रह्माकुमारीज में जो सात्विक अन्न का महत्व समझाया जाता है उस अनुसार उसे खुद भी अपनाया और अपनी कंपनी के कर्मचारियों को भी




सात्विक अन्न ग्रहण करने पर ही जोर दिया , जिससे उनके विचारों में एवं व्यवहार में अच्छा खासा परिवर्तन महसूस किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नागार्जुना फर्टिलाइजर के चेयरमैन एवं संस्थापक के. एस. राजू ने अपने विचार रखते हुए कहां कि व्यापार एवं उद्योग में सफलता के लिए स्वप्रबंधन सीखना जरूरी है । स्वप्रबंधन के लिए स्व की यथार्थ पहचान होना जरूरी है, कि हम शरीर को चलाने वाली एक ऊर्जा है जिसके होने से शरीर की मशीन चल रही है। अतः आत्म प्रबंधन से व्यापार में कुशल प्रबन्धन हो सकता है। इस अवसर पर मुंबई से पधारी स्व प्रबंधन विशेषज्ञ ब्रह्माकुमारी क्रीना दीदी ने कहां की व्यापार एवं उद्योग में मशीन, सिस्टम, टेक्नोलॉजी, इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ इसे संचालित करने वाले मनुष्यों के आत्मिक विकास का भी ध्यान रखा जाए तो व्यवसाय में सफलता भी होगी और इस कार्य में लगे लोगों में संतुष्टता और उमंग भी बना रहेगा, जिससे उत्पादकता में वृद्धि होगी। आगे आपने कहा कि यदि हमें भारत को विश्व का पथ प्रदर्शक लाइट हाउस बनाना हैं तो यहां के लोगों की मनोवृत्ति को मानवीय मूल्यों की ऊर्जा से भरना होगा। आपने राजयोग मेडिटेशन का अर्थ बताते हुए प्रैक्टिकल अभ्यास भी कराया। इस अवसर पर इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि ब्रह्माकुमारी के बिजनेस एंड इंडस्ट्री विंग द्वारा स्व विकास के अनेक कार्यक्रमों के साथ-साथ स्व प्रबंधन नेतृत्व विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। जिसके माध्यम से व्यवसाय जगत में सफलता मिलती है। जिसके प्रैक्टिकल मिसाल हमारे आज के अतिथि माननीय नीरज राजा कोचर जी एवं माननीय के. एस. राजू है। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्य प्रदेश के प्रेसिडेंट योगेश मेहता ने कहा कि हमारे व्यवसाय का लक्ष्य केवल पैसा कमाना ही नहीं , अपितु समाज की सेवा करना भी है। अपनी प्राप्त आय की कुछ निश्चित राशि हमें सेवा के लिए अवश्य निकालना चाहिए। मानव जीवन का लक्ष्य केवल धन कमाना नहीं लेकिन मोक्ष की प्राप्ति भी होना चाहिए। इस अवसर पर मोयरा सरिया के वाइस चेयरमैन पवन सिंघानिया ने अपने उद्योग के संघर्ष के दिनों को याद करते हुए सत्य निष्ठा के पद पर चलकर मिली हुई सफलता का वृतांत सभी को सुनाकर अभिभूत कर दिया और सबके अंदर यह विश्वास भरते हुए कहा कि सत्य की हमेशा जीत होती है, इसलिए सत्य की राह को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। आगे कार्यक्रम में उज्जैन संभाग की संचालिका ब्रह्माकुमारी उषा दीदी ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए सभी से कल से प्रारंभ होने वाले तीन दिवसीय शिविर में भाग लेने के लिए आवाहन भी किया। कार्यक्रम में अतिथियों का बैच,गुलदस्ते एवं पट्टे के द्वारा सम्मान किया गया तथा शक्ति निकेतन की कुमारियों द्वारा स्वागत नृत्य कर उनका स्वागत किया भी गया। तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस सम्मेलन में एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्य प्रदेश, मालवा चैंबर ऑफ़ कॉमर्स, यशवंत क्लब, डेली कॉलेज बिजनेस स्कूल, अहिल्या चैंबर, पीथमपुर औद्योगिक संगठन, क्लॉथ मार्केट एसोसिएशन, अनाज मंडी एसोसिएशन सहित बड़ी संख्या में अनेक संगठन के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यगणों ने भाग लिया।कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी आस्था बहन ने किया। अंत में हेमलता दीदी ने जानकारी देते हुए कहा कि मुम्बई से पधारी ब्रह्माकुमारी क्रिना दीदी के सानिध्य में कल 9 सितंबर से तीन दिवसीय बढ़ते कदम सफलता की ओर शिविर रखा गया है। जिसका समय प्रातः 7-30 से 9 एवं संध्या 7-30 से 9 बजे है । आप किसी भी एक ग्रुप में भाग ले सकते हैं । शिविर निशुल्क रहेगा।

# पति ने किया अप्राकृतिक कृत्य

### होम्योपैथिक महिला चिकित्सक की शिकायत पर पुलिस ने ससुरालवालों को भी बनाया आरोपी

इंदौर (नगर संवाददाता)। एक महिला के साथ उसके पति ने बर्बरता की सारी हदें पार करते हुए उसे सताया। इतना ही नहीं महिला ने उसे पर अप्राकृतिक कृत्य का आरोप भी लगाया है। पुलिस ने पीड़िता होम्योपैथिक महिला चिकित्सक की शिकायत पर उसके पति, सास और ननंद पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

छह माह पहले ही महिला डॉक्टर की शादी हुई थी। मामला चंदन नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 31 साल की महिला ने अपने पति पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया है। वहीं सास और ननंद को प्रताड़ा को लेकर आरोपी बनाया गया है। महिला ने बताया कि उसकी शादी फरवरी माह में हुई थी। शादी में पिता ने 5 लाख दहेज दिया। वहीं गहने और आभूषण दिए। शादी के वक्त पिता ने तीन मंजिला मकान उसके नाम किया। जिसकी शुरूआत में पति को जानकारी नहीं थी। लेकिन शादी के एक हफ्ते बाद पति को इस बात की जानकारी लगी गई। ससुराल से 26 फरवरी को बॉम्बे अस्पताल के पास एक अपार्टमेंट में रहने पहुंची। यहां पति ने एक दिन कहा कि तुम्हारे पिता ने जो वसीयत में मकान दिया है। उसे बेचकर लैट का लोन उतार दो। इस बात पर पति को इनकार कर दिया। इसके बाद पति खजराना स्थित ससुराल लेकर आ गए। यहां सास ने दहेज के सामान को लेकर विवाद किया। इस पर पति वहां से वापस फ्लैट पर ले गए।

बाद में पति ने अप्राकृतिक तरीके से शारीरिक संबंध बनाए। इनकार करने पर मारपीट की। करीब एक सप्ताह तक इस तरह कि हरकतें की। यह बात परेशान होकर ननंद और सास को बताई तो उन्होंने कहा कि पति है उसका शौक पूरा करो। पति की हरकतें बंद नहीं हुई। मुझे तकलीफ होने पर खुद अपना उपचार किया। पति ने डॉक्टर के पास ले जाने से इनकार कर दिया। अप्रैल में ननंद आई तो उसने भी मारपीट की। इस बीच महिला डॉक्टर ने चुपके से भाई को कॉल किया और पूरी जानकारी दी। भाई वहां आकर बहन को लेकर चला गया। दोनों ने माता-पिता को पूरा घटनाक्रम बताया। तब पिता ने पति को बुलाया तो उन्होंने घर आकर विवाद किया। इसके बाद महिला ने माता-पिता के साथ थाने जाकर पति, सास और ननंद के खिलाफ रिपोर्ट लिखा दी। मामले में पुलिस केस दर्ज कर जांच करते हुए कार्रवाई कर रही है।

# आटो चालक ने फांसी लगाकर दी जान

### दो अन्य युवकों ने भी की आत्महत्या

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** द्वारकापुरी इलाके में रहने वाले आटो रिक्शा चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली उसने जिस समय फांसी लगाई उस दौरान माता पिता को किसी काम से घर से बाहर भेज दिया था। इसी तरह दो अन्य युवकों ने भी फांसी लगाकर जान दे दी। तीनों ही मामलों में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।पहली घटना में द्वारकापुरी पुलिस ने बताया कि गोल पिता जगदीश निवासी त्रषि पैलेस ने फांसी लगाकर आत्महत्या क ली। बताया जा रहा है कि गोलू ने जिस समय फांसी लगाई उस दौरान माता पिता को घर के बाहर रिक्शा पर पल्ली बांधने भेज दिया था और फिर फांसी लगा ली। इसी प्रकार एक अन्य घटना में एरोड्रम पुलिस ने बताया कि बांगड़दा विासी 24 वर्षीय भारत पिता रामप्रसाद ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस दोनों ही मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। एक अन्य घटना में द्वारकापुरी पुलिस ने बताया कि दिनेश पिता नारायण निवासी आस्था पैलेस ने भी फांसी लगाकर जान दे दी। दिनेश मिस्त्री का काम करता था। वह बीते पांच साल से पत्नी से अलग रहता था। पुलिस इस मामले में भी पता लगा रही है कि दिनेश ने आत्महत्या क्यों की है।

# यातायात व्यवस्था में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

**इंदौर।** पुलिस उपायुक्त यातायात अरविंद तिवारी द्वारा यातायात प्रबंधन पुलिस के अधि/कर्मचारीयो को अच्छे कार्य के लिए उत्साहवर्धन हेतु ट्रैफिक पुलिस ऑफिसर ऑफ द वीक साप्ताहिक कार्यक्रम की शुरुआत के अठारहवे सप्ताह में ऐसे अधिकारी/ कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया जो अपने कर्तव्य क्षेत्र पर उत्कृष्ट कार्य किया गया। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 7 सितंबर को डीसीपी ट्रैफिक आफिस पलासिया में यातायात प्रबंधन के पुलिस उपायुक्त, यातायात अरविंद तिवारी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अरविंद तिवारी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त संतोष कुमार कौल, एसीपी नरेश अन्नोटिया, उप पुलिस अधीक्षक उमाकांत चौधरी, एवं थाना प्रभारी लाल बहादुर बौद्ध, निरीक्षक अर्जुन पँवार की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर यातायात प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने पर यातायात क्षेत्र 1 से उप निरीक्षक सुनील पाटीदार को ट्रैफिक मैनेजमेंट सेंटर प्रभारी के रूप में यातायात प्रबंधन में तकनीकी रूप से सराहनीय कार्य करने के लिए पुरुस्कृत किया गया। उन्हें उनकी पत्नी ने मेडल पहनाया इस दौरान बच्चे भी साथ रहे। यातायात क्षेत्र 2 से महिला आरक्षक 707 रेशम भूरिया को पंढ़रीनाथ वनवे में यातायात व्यवस्था करने के लिए, यातायात क्षेत्र 3 से सउनि सुनील बाजपेई को कालानी नगर चौराहा पर यातायात व्यवस्था करने के लिए पुरुस्कृत किया। उन्हें उनकी बिटिया ने मेडल पहनाया। इन सभी को यातायात को सुगम, सुरक्षित, सुखद बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य



के लिये ट्रैफिक पुलिस ऑफिसर ऑफ द वीक (8 से 15 सितंबर) के लिए चयन कर मेडल, प्रशस्ति पत्र, बेच नगद पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। इनके अतिरिक्त यातायात प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए यातायात क्षेत्र 1 से प्रधान आरक्षक 107 विश्वनाथ जोशी छावनी चौराहा, यातायात क्षेत्र 2 से महिला आरक्षक 4435 बसु चौहान पंढ़रीनाथ वनवे, यातायात क्षेत्र 3 से प्रधान आरक्षक 1020 कन्हैयालाल पटेल इमली बाजार चौराहा को बेहतर यातायात प्रबंधन करने के लिए उत्साहवर्धन हेतु मेडल प्रशस्ति, पत्र एवं नगद पुरुस्कार से पुरुस्कृत किया गया। उक्त सम्मान कार्यक्रम में परिवारजन भी सम्मिलित हुए जिन्होंने अपनो को मेडल पहनाया।पुरुस्कृत अधिकारी/जवानों को एक दिन रेस्ट भी प्रदान किया गया। परिजनों ने डीसीपी यातायात प्रबंधन, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त द्वारा अधिकारी/कर्मचारियों के उत्साहवर्धन हेतु किये जा रहे कार्यो के लिए प्रशंसा भी व्यक्त की।

## बिजली विभाग की लापरवाही, टूट रहे हैं तार



**बाजना।** बाजना नगर में विधुत तार बिजली के खम्बे से टूटने की घटनाएं आए दिन हो रही है। लेकिन विभाग इस और ध्यान नहीं दे रहा है। शायद किसी बड़े हादसे के इन्तजार में है विधुत विभाग बाजना में बस स्टैंड चौराहे पर आए दिन तार टूट कर लटक रहे हैं। किसी दिन कोई जनहानि हो सकती है। विधुत पोल पर वर्षों पुराने तार है इन्हें बदलने की सख्त आवश्यकता है। विभाग इस और ध्यान नहीं दे रहा है।समय रहते तत्काल प्रभाव से तार बदल दिए जाएं तो होने वाली घटना से बचा जा सकता है। लेकिन विभाग के उदासीन रवैया से जनहानि होने की आंशका ।

## बैकलेनों का हुआ ब्यूटीफिकेशन का कार्य स्वच्छता जागरूकता की बनाई रांगोली



**रतलाम।** शहर को स्वच्छ सुन्दर बनाने जाने के साथ ही बैकलेन के ब्यूटीफिकेषन किये जाने हेतु महापौर प्रह्लाद पटेल के निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 14, 16 व 32 की बैकलेनों के ब्यूटीफिकेशन आयोजित किया गया जिसमें स्कूली विद्यार्थियों के साथ ही स्वंय सहायता समूह की महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। वार्ड क्रमांक 14, 16 व 32 की बैकलेनों के ब्यूटीफिकेशन के कार्य में शासकीय आदर्श विद्यालय एवं स्मृति बाल विद्या मंदिर के बच्चो व स्वंय सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लेते हुए स्वच्छता के प्रति शहर में जागरूकता लाने के लिए स्वच्छता संदेश की रांगोली बनाई साथ ही अलग अलग प्रकार के खेल भी खेले गए। रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्षद रणजीत टांक, आईईसी टीम, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाऐं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## नगर निगम चिन्ताहरण गणेश मंदिर में गणपति स्थापना



**रतलाम।** गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर नगर निगम स्थित श्री चिन्ताहरण गणपति मंदिर पर बेंड-बाजे, ढोल-ढमाके के साथ रिद्धी सिद्धी के दाता भगवान श्री गणेश प्रतिमा को एक चल समारोह के साथ लाया गया। भगवान श्री गणेश प्रतिमा को डॉ. अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड से चल समारोह के साथ लाया गया तथा नगर निगम परिसर स्थित श्री चिन्ताहरण गणपति मंदिर पर विराजित किया गया। श्री चिन्ताहरण गणेश मंदिर पर निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, पार्षद प्रतिनिधि रमेश पांचाल, हार्दिक मेहता, शेरू पठान, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री अनवर कुरेशी, उपयंत्री मनीष तिवारी, कार्यालय अधीक्षक गोपाल झालीवाल सहित निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भगवान श्री गणेश का विधिवत् पूजन-अर्चन कर आरती की।

## 95 वां सार्वजनिक श्री गणेशोत्सव का आयोजन



**रतलाम।** महाराष्ट्र समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 95 वां सार्वजनिक श्री गणेशोत्सव का आयोजन स्टेशन रोड़ स्थित समाज भवन में धूमधाम से मनाया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए समाज के प्रचार सचिव किशोर जोशी ने बताया कि सार्वजनिक श्री गणेशोत्सव के आयोजन में पंडित निखिलेश करंदीकर गुरुजी के मार्गदर्शन में विधि विधान से श्री गणेश की स्थापना समाज भवन में दीपेश वाफगांवकर व भव्या वाफगांवकर ने की। इस अवसर पर सार्वजनिक श्री गणेशोत्सव समिति अध्यक्ष श्रीकांत दिवे, सचिव विरेन्द्र कुलकर्णी, कोषाध्यक्ष अरविंद डबीर सहित समाजजन उपस्थित रहे।

# हंगामा करने व सड़क पर बैठकर नारे बाजी व वाहन को तोड़ फोड़ करने वालो पर प्रकरण दर्ज

## 13 नाम जद, 100 अधिक अन्य लोगों पर प्रकरण दर्ज, शहर में शान्ति, पुलिस तैनात

**रतलाम।** शनिवार रात गणेश प्रतिमा के जुलूस पर पत्थर फेंकने की घटना को लेकर स्टेशन रोड पुलिस थाने पर हंगामा और प्रदर्शन करने वाले के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होने के बावजूद देर रात को प्रदर्शनकारियों द्वारा की गई तोडफोड और पथराव पर सख्त रवैया अपनाते हुए पुलिस ने प्रदर्शनकारी लखन रजवानिया , किन्नर काजल, सहित तेरह नामजद व सौ से अधिक अन्य के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है।



पुलिस अधीक्षक राहूल कुमार लोढा ने नागरिकों से अफवाहों से सावधान रहने की अपील की है। गणेश प्रतिमा के जुलूस पर हुए पत्थर फेंकने की घटना के बाद कई युवक स्टेशनरोड थाने पर पंहुचे थे और उन्होने थाने का घेराव करते हुए, हंगामा किया और सड़क पर बैठ कर चक्काजाम भी कर दिया था। पुलिस ने जुलूस पर पत्थर फेंकने की घटना के मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए दोषियों के खिलाफ कडी कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया था। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को प्रदर्शन समाप्त कर अपने घरों को लौट जाने की समझाईश भी दी थी। लेकिन थाने से प्रदर्शन समाप्त कर लौटते समय युवकों ने हाथीखाना क्षेत्र में समुदाय विशेष के घरों के बाहर नारेबाजी करते हुए वहां खड़े वाहनों को क्षति ग्रस्त कर दिया और कुछ घरों पर पत्थर भी फेंके थे। रात करीब साढे ग्यारह बजे हुए इस घटनाक्रम को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को न सिर्फ लाठी चार्ज करना पडा था,बल्कि आंसूगैस का प्रयोग भी करना पडा था। पुलिस ने इस मामले में कडी कार्यवाही करते हुए प्रदर्शन करने वाले लखन रजवानिया, काजल किन्नर समेत कुल तेरह नामजद और अन्य सौ लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस कंट्रोल रुम पर आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक राहूल कुमार लोढा ने कहा कि बीती रात गणेश प्रतिमा के जुलूस पर हुए पत्थर फेंकने की घटना को पुलिस द्वारा बारीकी से जांच की जा रही है। यह घटना जिस क्षेत्र में होना बताई जा रही है,वह पूरा इलाका सीसीटीवी से लैस है और सीसीटीवी फुटेज चैक किए जा रहे है। पुलिस अधीक्षक श्री लोढा ने कहा कि अब तक सीसीटीवी फुटेज में पत्थर फेंकने की घटना के दृश्य नहीं मिले है। इतना ही नहीं पथराव की रिपोर्ट करने वाला लखन रजवानिया अब तक तीन बार घटनास्थल बदल चुका है। पुलिस इन सारी बातों की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक श्री लोढा ने प्रेस वार्ता के दौरान बीती रात हुए घटनाओं पर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी देते हुए जन साधारण से अफवाहों से सतर्क रहने की अपील की है। एसपी श्री लोढा ने स्पष्ट किया कि बीती रात जुलूस पर हुए पत्थर फेंकने की घटना में गणेश जी की प्रतिमा को कोई क्षति नहीं पंहुची है और गणेश जी को पूजा पाण्डाल में विधि विधान से स्थापित किया जा चुका है। एसपी ने कहा कि पत्थर फेंकने के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है और मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। इस मामले में दोषियों के खिलाफ कडी कार्यवाही की जाएगी। श्री लोढा ने कहा कि पुलिस के त्वरित एक्शन के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने जिस तरह का हुडदंग किया उसे सख्ती से निपटा जाएगा।

### इनके खिलाफ हुई एफआईआर

बीती रात हाथीखाना क्षेत्र में वाहनों में तोडफोड करने के मामले में पुलिस ने तेरह लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। इनके नाम इस प्रकार है। लखन रजवानिया,काजल (किन्नर),रवि शर्मा,महेन्द्र सोलंकी,जलज सांखला.रवि सेन,विजय प्रजापत, नीलेश,मुकेश बंजारा,मंथन मूसले,अमन जैन और अज्जू बरगुण्डा। इनमें से छः लोगों को अभी तक गिरफ्तार किया जा चुका है और बाकियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शहर में स्थिती शान्ति पुर्ण है भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया है स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। शौसल मीडिया पर गलत अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

### एसएसपी ने की अपील

पुलिस अधीक्षक राहूल कुमार लोढा ने जनसाधारण से अफवाहों से सावधान रहने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि किसी गणेश प्रतिमा को कोई क्षति नहीं पंहुची है। इस तरह की अफवाहें फैलाने वाले तत्वों पर पुलिस नजर रख रही है। अफवाहे फैलाने वालों के खिलाफ भी कडी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक श्री लोढा ने नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडीया पर आने वाले फेक मैसेजेस को महत्व ना दें और इस तरह के मैसेज को आगे फारवर्ड भी ना करें।

# सेवा, समर्पण और शिक्षा का दूसरा नाम है शिक्षक

## 40 वर्षों की सेवा के बाद ग्रामीणों ने किया सम्मान

**रतलाम।** शिक्षक और शिक्षा दोनों एक-दूसरे के पर्याय हैं। शिक्षा की आवश्यकता शिक्षक के व्यक्तित्व को स्थापित करती है जो उसे समाज और अपने विद्यार्थियों में लोकप्रिय बनाती है।

ईमानदार समर्पित शिक्षक सदैव लोगों का सम्मान अर्जित करता है । वह कभी सेवा से निवृत नहीं हो सकता उसका यह उपक्रम निरंतर गतिमान रहता है।



उपरोक्त विचार गांव नौगांवा जागीर स्थित एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक बी.के.जोशी के सेवानिवृत्ति समारोह में उपस्थित अतिथियों ने व्यक्त किये । कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं माल्यार्पण से आरंभ हुआ। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती ज्योति दिलीप नागदिया तथा दिनेश पाटीदार ने अध्यक्षता की। विशेष अतिथि शिवपुरी संकुल प्राचार्य.श्रीमती पार्वती परमार एवं शिक्षक सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष दिनेश शर्मा थे। अतिथियों ने बी.के.जोशी को सम्मानित करते हुए उनके व्यक्तित्व और सेवाओं पर प्रकाश डाला। ग्रामीणों तथा बच्चों ने श्री जोशी के लिए उपहार एवं ढोल नगाड़ों के साथ नृत्य करते हुए भव्य जुलूस निकालते हुए विदाई की। इस दौरान सर्वश्री आर. एन.चौहान, गजराज सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह परमार, पूजा परमार, प्रदीप पांचाल, दिनेश पाटीदार, हेमंत शर्मा, अनिल गिरी गोस्वामी, श्रीमती भावसार, गोपाल चौहान, राकेश मुनिया, अनिल कुमार जोशी तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं शिक्षक मंच लायंस क्लब रतलाम क्लासिक आदि द्वारा श्री जोशी का सम्मान किया गया। श्री जोशी ने अपने सम्मान के उत्तर में ग्रामीणों का आभार जताते हुए अपनी सेवाओं के लिए बच्चों के माता-पिता तथा ग्रामीणों का आभार जताया। इस अवसर पर दिलीप वर्मा, जगदीश सोनी, राजेश डोरिया, श्रीमती संतोष जोशी सहित ग्रामीण जन एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनिल गिरी गोस्वामी तथा आभार आशीष जोशी ने व्यक्त किया।

# राजस्व महा अभियान 2.0 में 2 लाख 32 हजार से अधिक राजस्व प्रकरणों का निपटारा हुआ

**रतलाम।** जिले में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार संचालित राजस्व महा अभियान 2.0 में 2 लाख 32 हजार 171 राजस्व प्रकरणों का निपटारा किया गया। कलेक्टर श्री राजेश बाथम के नेतृत्व में राजस्व अमले ने नियमित रूप से शिविरों का आयोजन करके आम नागरिकों के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई कर प्रकरणों का निपटारा किया है। राजस्व महा अभियान अंतर्गत नामांतरण के 2351 प्रकरणों का निराकरण किया गया। 30 जून पूर्व के लंबित नामांतरण प्रकरणों का शतप्रतिशत निपटारा कर दिया गया है। नए आमंत्रण प्रकरणों में 6127 के लक्ष्य के विरुद्ध 2553 प्रकरणों का निपटारा किया जा चुका है। बंटवारे की बात की जाए तो 30 जून पूर्व के लंबित समस्त 307 प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया। बंटवारा प्रकरणों में 526 के लक्ष्य के विरुद्ध 101 प्रकरण निपटाए गए हैं। इसी प्रकार 30 जून पूर्व के लंबित 130 अभिलेख दुरुस्ती प्रकरणों में शत प्रतिशत कार्य कर दिया गया है। नवीन अभिलेख दुरुस्ती के 279 प्रकरण है, इनमें से 245 प्रकरण निराकृत कर दिए गए है। नक्शा तरमीम के 32 हजार प्रकरण निराकृत किए गए हैं। समग्र ई केवाईसी के अंतर्गत 194451 व्यक्तियों की ई केवाईसी की गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव द्वारा किसानों की भूमि संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु चलाए गए राजस्व महा अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए है। अब किसानों को नामांतरण, बंटवारा, नक्सा तरमीम आदि जैसे कार्यो के लिए तहसीलों के चक्कर नही काटने पड़ रहे है ।

# जावरा नगर पालिका वार्ड नं 4 की चुनाव टोली का गठन

**रतलाम।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने जावरा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 4 मे उप चुनाव हेतु संचालन समिति का गठन किया है। समिति के सदस्यों का चयन प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के निर्देशानुसार जिला प्रभारी प्रदीप पांण्डेय की सहमति से किया गया है। समिति में मुज्जमिल रजा, तेजुब भाई, अफरम खान, ताज मोहम्मद, याकूब भाई, इमरान मेव, इरफान मेव, आसिफ मिर्जा, इफ्तेखार पठान, शकील चौहान, नरेन्द्र पहाडिय़ा, सुरेश नेका, राजेश नेका, अब्दुल हकीम, नूर हुसैन, रईस कुरैशी, नजीर कुरैशी, सलमान कुरैशी, कालूराम दिया, समरथ साहू, प्रकाश रावत शामिल किए गए है।

# डा. डीएन पचौरी का निधन शिक्षा जगत के एक युग का अंत, स्व.पचौरी ने विकसित की थी अध्यापन की अनूठी शैली, स्व. डा पचौरी की श्रद्धांजलि सभा संपन्न

**रतलाम।**

डा. डीएन पचौरी का निधन शैक्षणिक जगत के एक युग का अन्त है। उन्होने रसायन और भौतिकी जैसे गंभीर और नीरस विषयों को पढाने की एक अनूठी शैली विकसित की थी। वे हंसी मजाक करते हुए विद्यार्थियों को गंभीर विषय इस तरह समझा देते थे कि वह विषय फिर जीवनभर याद रहता था। इस तरह के उद्गार स्व.डा. डीएन पचौरी की श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित वक्ताओं ने डा. डीएन पचौरी को याद करते हुए व्यक्त किए। उल्लेखनीय है कि गुजराती समाज विद्यालय के पूर्व प्राचार्य डा. डीएन पचौरी का शिक्षक दिवस के दिन 5 सितम्बर को निधन हो गया था। उनकी श्रद्धांजलि सभा रविवार को उनके निवास स्थान ऋचायन पर आयोजित की गई थी। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए समाजसेवी गोविन्द काकानी ने कहा कि उन्होने पांच दशक पूर्व स्व. पचौरी सर की क्लास में पढाई की थी। पचौरी सर का व्यक्तित्व ऐसा था कि मात्र दो तीन साल तक उनकी कक्षा में पढाई करने वाला विद्यार्थी जीवन भर के लिए उनसे जुड जाता था। उनके द्वारा पढाए गए विषय छात्र को जीवन भर के लिए याद हो जाते थे। प्रो.डा. प्रदीपसिंह राव ने डा. पचौरी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनका निधन शैक्षणिक जगत,रतलाम और पूरे प्रदेश की अपूरणीय क्षति है। कांग्रेस नेता बसन्त पण्डया ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए बताया कि उन्होने भी कई वर्षों पूर्व डा. पचौरी सर से शिक्षा प्राप्त की थी।

# सोमवार को निकाला जाएगा भव्य चल समारोह के साथ वरघोडा, सिद्धि तप के साधकों का किया जाएगा बहुमान

## मिच्छामी दुक्कड़म् देने के साथ सामायिक और प्रतिक्रमण करने से होता है पापों का नाश : श्री अनंत गुणा श्रीजी मसा

**रतलाम।** सौ.वृ.त. श्री राजेंद्र सूरि त्रिस्तुतिक जैन श्वेतांबर श्री संघ एवं चातुर्मास समिति द्वारा नीम वाला उपाश्रय खेरादी वास में रतलाम नंदन प. पू .श्री 1008 जैन मंदिर के प्रेरणादाता, राष्ट्र संत कोकण केसरी गच्छाधिपति आचार्य देवेश श्रीमद् विजय लेखेन्द्र सुरिश्वर जी म.सा. की आज्ञानुवर्ती एवं मालवमणि पूज्य साध्वी जी श्री स्वयं प्रभाश्री जी म.सा. की सुशिष्य रतलाम कुल दीपिका शासन ज्योति साध्वी जी श्री अनंत गुणा श्रीजी म.सा,श्री अक्षयगुणा श्रीजी म.सा. श्री समकित गुणा श्री जी म.सा. श्री भावित गुणा श्री जी म.सा. उपासना में विराजे हैं जिनका चातुर्मास में नित्य प्रवचन चल रहे



हैं इसी तारतम्य में आज 07 सितंबर 2024,शनिवार को साध्वी श्री कल्पसूत्र का सार बारह सौ सूत्र में है इसका आज सुबह 9ः00 बजे से परम पूज्य साध्वी श्री अनंत गुणा श्री जी ने अपने मुखारविंद से वाचन प्रारंभ किया गया जिसका समापन 12ः15 बजे हुआ तत्पश्चात चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में दो ध्वज और बेंड सहित समाज जन सम्मिलित हुए। जिसमें साध्वी श्री समकित गुणा श्रीजी व साध्वी भाविक गुणा श्री जी मसा. के सानिध्य में चल समारोह निकाला गया। जो खेरादीवास,माणक चौक, गणेश देवरी, बजाज खाना, चांदनी चौक होते हुए कोटा वाला बाग स्थित चंद्र प्रभु जी के मंदिर पहुंचा।जहां म. सा. के साथ समाज जनों ने दर्शन वंदन कर सामूहिक चैत्य वंदन किया तथा पूरे दिन आज समाज जनों में सभी महिलाएं, पुरुषों एवं बच्चों ने सामायिक व प्रतिक्रमण किया। तथा कल क्षमा याचना मिच्छामी दुक्कडम एक दूसरे को देंगे।

पूज्य सध्वी श्री अनंत गुणा श्री जी मसा. ने कहा कि मिच्छामी दुक्कडम् उनको दो,जिनसे तुम्हारा बैर है जिनसे तुम बोलते नहीं हो और कर्मो का क्षमण करके कर्म बंधन से मुक्त हो जाओगे तो भव पार हो जाएगा। 9 सितंबर सोमवार को भव्य चल समारोह के साथ वरघोडा निकल जाएगा जो नीम वाले उपाश्रय से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होकर सेठिया गार्डन पहुंचेगा जहां समापन होगा।



# नाविक संघ ओंकारेश्वर प्रशासन के खिलाफ लामबंद होने की तैयारी में

**ओंकारेश्वर (नि प्र)।**

प्रशासनिक लापरवाही से नाविक संघ ओंकारेश्वर प्रशासन के खिलाफ लामबंद होने की तैयारी में आवश्यक बैठक लेकर लिए निर्णय वर्षा काल में नर्मदा नदी में आई बाढ़ के कारण पिछले डेढ़ माह से नौका संचालन बंद हैजिससे जीविका पर भी असर पड़ा है अवैधनाओं के संचालन तथा अवैध नावो को नर्मदा में संचालन की अनुमति पर प्रशासन लापरवाही कर रहा है नाविक संघ अध्यक्ष भोलाराम केवट ने आरोप लगाते हुए कहा नगर परिषद एवं जिला प्रशासन की लापरवाही को लेकर नाविक संघ फिर होंगे लाम्बन्ध 2 सितंबर को संभायुक्त को पत्र लिखकर नर्मदा मे में दौड़ रही अवैधनाओं को पानी से बाहर कर लाइसेंस धारी को नाव संचालन कराए जाने की मांग को लेकर पत्र भेजा बैठक में लिए कई निर्णय प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो मैदान में उतरकर उग्रआंदोलन किया जाएगा उल्लेखनीय कि पिछले दिनों जिला प्रशासन के निर्देशन में कुछ अवैध नाव को नष्ट कर दिया गया था तथा इंजन जप्त कर तहसील कार्यालय में रख दिए थे जागरूक नागरिकों का कहना है कि जप्त किए इंजन को नष्ट करें तथा नर्मदा में अवैध नाव जो संचालित हो रही है उसको भी जेसीबी से नष्ट किया जाए तथा वेध नावो की सूची बनाकर नियम अनुबंध के अनुसार अनुमति दी जाना सभी के हितों के लिए उचित होगा

## सार-समाचार

### जीवन मे व्यक्ति को बड़ा बनना है तो छोटा, नम्र एवं क्षमा धारण कर ही बना जा सकता है: मुनि श्री विनत सागर

**खंडवा।** क्षमा वीरस्य भूषणम जैन धर्म का सूत्र वाक्य है, जिन धर्म का अनुयायी क्षमा धर्म को जीवन का सर्वप्रथम सोपान मानता है! पर्याय का शुद्धिकरण क्षमा धर्म से ही प्रारंभ होता है,दशलक्षण पर्व का प्रथम एवं अंतिम सोपान भी उत्तम क्षमा धर्म ही है,जीवन में बडा बनना है तो छोटा और नम्र बनकर ही बना जा सकता है, यह उदगार पर्युषण पर्व के प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म पर प्रवचन देते हुए पूज्य मुनिश्री विनतसागरजी ने व्यक्त किये, मुनि श्री ने कहा कि पर्यूषण पर्व की 10 दिनी यात्रा का शुभारंभ उत्तम क्षमा से प्रारंभ होकर क्षमावाणी पर्व पर समापन होता है,क्षमा वीरो का आभूषण है, जो क्षमा वान होते हैं वह सर्व सिद्धियो को धारण करते हैं, क्षमा आत्मा का स्वभाव है, क्रोध एक ज्वालामुखी का स्वरूप है जो व्यक्ति को और परिवार को नष्ट कर देता है,अतः क्रोध को त्याग कर मन में हमेशा क्षमा भाव रखना चाहिए ताकि हमारे परिवार में सुख शांति सदैव बनी रहे, समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि जैन धर्म में पर्यूषण पर्व को महान पर्व के रूप में माना गया है, यह पर्व आत्म शुद्धी का पर्व है, 10 दिनों तक सामाजिक बंधु प्रतिदिन देव दर्शन अभिषेक शांति धारा दसलक्षण धर्म की पूजा अर्चना के साथ ही अपनी क्षमता के अनुसार 3, 5 और 10 उपवास करते हैं, खंडवा में विराजमान मुनि श्री विनत सागर एवं



विश्वमित सागर महाराज के परम सानिध्य में सराफा पोरवाड़ जैन धर्मशाला में पर्व का शुभारंभ हुआ, प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म की पूजा के साथ मुनि श्री के प्रवचन हुए, मुनि सेवा समिति के प्रचार मंत्री सुनील जैन प्रेमांशु जैन ने बताया कि रविवार को दशलक्षण पर्व के प्रथम दिवस पर बडी संख्या में साधर्मी बंधुओं ने अनुशासित रुप से पूजा,अर्चना की, भगवान की शांतिधारा का परम सौभाग्य श्रीमान महेश रेखा ,राहुल,रक्षा जैन परिवार ने प्राप्त किया, श्रीजी का प्रथम अभिषेक, मांगलिक क्रियायें सौधर्म पात्र में सुरेश मीना जैन परिवार ने संपन्न की , पूज्य गुरुदेव को जिनवाणी प्रदान करने का परम सौभाग्य सुरेशजी, जितेंद्र लुहाड़िया एव् कांतिलालजी सुषमा जैन परिवार ने प्राप्त किया, इस अवसर पर भिंड से पधारे संगीतकार रवि शर्मा एवं अतुल भैया ने मधुर स्वरों में भक्तिपूर्वक पूजन संचालित की, कार्यक्रम का संचालन पंकज जैन महल ने किया,दशलक्षण पर्व में प्रतिदिन अभिषेक, पूजन,धारा, प्रवचन, दोपहर का स्वाध्याय, शाम का प्रतिक्रमण,सामायिक एवं रात्रि में धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, मुनि सेवा समिति के अध्यक्ष विजय सेठी,वीरेंद्र भटयांण,अविनाश जैन,पंकज जैन महल, कैलाश पहाड़िया,पंकज सेठी, नीरज बैनाडा,सुनील जैन, प्रेमांशु चौधरी,सचिन छाबड़ा, विकास बड़जात्या,अंकित जैन,रंजन जैनी,नरेंद्र ट्रैक्टर ,नितिन जैन,कांतिलाल जैन,भरतलाल जैन अत्तर, कमलचंद जैन अत्तर व पदाधिकारी ने सभी साधर्मी बंधुओ से पर्व पर धार्मिक उत्सव में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है, प्रतिदिन प्रवचन पश्चात पूजन मे शामिल हो रहे श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रभावना की व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी।

### 7 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों के साथ चलने वाले जैसी सप्ताह का हुआ शुभारंभ



**खंडवा।** व्यक्ति विकास का अंतरराष्ट्रीय संगठन जेसीआई समाज सेवा के कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता है, सामाजिक दायित्वों के साथ राष्ट्रीय मिशन के कार्यों में भी सहयोग प्रदान करता है, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि जेसीआई खंडवा द्वारा लगातार 48 वर्षो से जेसी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जैसी सप्ताह अंतर्गत सामाजिक, सांस्कृतिक, कला, खेलकूद , प्रतियोगिता एवं मनोरंजन के कार्यक्रम आयोजित होते है, इस वर्ष भी जेसी सप्ताह आयोजित होने जा रहा है जिसमे 42 कार्यक्रम आयोजित होंगे,अध्यक्ष जेसी ज्योति वालंजकर ने बताया की 8 सितंबर से 15 सितंबर तक आयोजित जैसी सप्ताह का शुभारंभ रविवार को गौरी कुंज सभागृह में रंगोली, मेहंदी,चित्रकला प्रतियोगिता से प्रारंभ हुआ,सोमवार को प्रातः योग शिविर, उद्घाटन समारोह, मेघावी छात्र छात्रा, युवा प्रतिभा, मौन सेवा भावी, पूर्व अध्यक्ष का सम्मान होगा वही मंगलवार को नेत्र शिविर, वाद विवाद, तत्काल भाषण, ओरिएंटेशन यूथ गाइड, खंडवा गॉट टैलेंट कार्यक्रम आयोजित होंगे, बुधवार को वृक्षारोपण, वाटर हार्वेस्टिंग, बास्केटबॉल, सफाई मित्र सम्मान समारोह, डांस प्रतियोगिता आयोजित होगी, गुरुवार को लाइव म्यूजिकल कॉन्सर्ट गायक चिराग सेन की प्रस्तुति होगी,शुक्रवार को मैराथन, ड्राइविंग लाइसेंस, वाह क्या झांकी है कार्यक्रम,शनिवार को कराओके प्रतियोगिता , गार्डेनिंग वर्कशॉप, फैशन डिजाइनर वर्कशॉप एवं सप्ताह के अंतिम दिवस रविवार को फूड डिस्ट्रीब्यूशन, केक कटिंग व अवार्ड सेरेमनी का आयोजन होगा,जिसमे सप्ताह भर आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरुस्कार वितरित होंगे। सचिव जेसी हर्षदीप अग्रवाल ने बताया सप्ताह में आयोजित सभी कार्यक्रम ओपन फॉर ऑल रहेंगे जिसमे शहर के सभी नागरिक भाग ले सकते है। रविवार को रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, गौरीकुंज सभागृह में हुआ, एवं टेबल टेनिस, बैडमिंटन ,शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन पूनमचंद गुप्ता कॉलेज स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन सीवी रमन यूनिवर्सिटी की श्रीमती वेदवती पाल , सुरेंद्र सिंह सोलंकी, अनिल बाहेती, धर्मेंद्र जौहरी, सुनील जैन ने भारत माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उपाध्यक्ष जेसी मनन सोनी ने बताया कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष नागेश वालंजकार, विकास मित्तल, जतिन हिंगोरानी, प्रिंस जिंदल, अंकुर अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सुनील शर्मा, अनिरुद्ध राजावत, विकास मोहे, पावन माहेश्वरी, निमेष अग्रवाल, कार्तिक शाह, मनीषा सावनेर, ममता सेन, श्रुति नायर, सोनाली ढाकसे, राशि सोनी, हर्षिता सिंह चौहान, तनवी जोशी, योगेश महाजन, कृष्णकांत सोनी, सम्राट शर्मा, दिनेश मिगरोट आदि मौजूद रहे।

आठ माह बिते रोड बनने को

# लोक निर्माण विभाग का रोड अपनी दुर्दशा के आंसू बहाता नजर आ रहा है

**कसरावद**

कसरावद तहसील के ग्राम बड़गांव से कसरावद पहुंचने वाला मार्ग जिसकी लंबाई ठेकेदार द्वारा 2 किलोमीटर दर्शी गई है उस बने हुए रोड को अभी 8 माह नहीं बीते और अपनी दुर्दशा के आंसू बहाता नजर आ रहा है ठेकेदार द्वारा भ्रष्टाचार तो किया गया है लेकिन विभागीय अधिकारी भी इस भ्रष्टाचार में शामिल है जहां लगातार 8 माह से भ्रष्टाचार की बू आ रही है जगह-जगह रोड पर गड्ढे नजर आ रहे हैं जो पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने वाला है बात करें भ्रष्टाचार की तो ठेकेदार द्वारा पैसे को ठिकाने लगाने के लिए साइट शोल्डर कहीं-कहीं भरी हुई थी जिसे भी ठेकेदार द्वारा ट्रैक्टर से हल चला कर हल दी गई है ट्रैक्टर द्वारा साइट



शोल्डर जमे हुए को हलने पर जगह जगह रोड को उखाड़ फेंका है फिर वापस ट्रैक्टर द्वारा सुपडी चला कर उस शोल्डर मूरुम को वापस भर दिया गया है कहीं जगह अभी भी सोल्डर पूरी तरह भरे नहीं है जिससे रोड साइड गाड़ी उतरने पर राहगीर का एक्सीडेंट का खतरा बना हुआ है मीडिया ने जब उप यंत्री सुनील जमरे से पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया की रोड सोल्डर का कार्य चल रहा है जो पूरी तरफ पूर्ण कर दिया जाएगा जो आज तारीख तक कोई कार्य पूर्ण नहीं दिखाई दे रहा है दिलचस्प बात तो लोक निर्माण विभाग कि एक अलग ही है जो 181शिकायत बिना जांच किए ही विभाग द्वारा शिकायत करता के बगैर सूचना दिए शिकायत बंद कर दी जाती है ठेकेदार एवं अधिकारियों द्वारा यह पूरा खेल पैसे को निकालने के लिए चल रहा है। रोड की गुणवत्ता देखी जाए तो पूरी तरह घटिया निर्माण कर पूर्ण किया गया है क्या सरकार के पैसे को ठेकेदार एवं अधिकारियों की मिली भगत से बंडर बाट हमेशा करते रहेंगे। या फिर प्रशासन द्वारा ऐसे लोगों पर कार्य की गुणवत्ता जांच कर कार्रवाई करनी चाहिए। या इसी तरह आंख मिचोली का खेल चलता रहेगा।

# ऋषि पंचमी का व्रत रख महिलाओं ने की पूजा-अर्चना



**खंडवा।** भादों मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को ऋषी पंचमी का त्यौहार मनाया जाता हैं। इस दिन महिलाएं व्रत करती हैं। ऋषियों की पूजा करने के बाद ऋषि पंचमी व्रत की कथा सुनी जाती हैं, उसके बाद एक समय फलाहार लेती हैं। महिलाएं जब माहवारी से होती हैं तब गलती से कभी मंदिर में चली जाती हैं या कभी पूजा हो वहाँ चली जाती हैं तो उसका दोष लगता हैं। उस दोष को दूर करने के लिए यह व्रत किया जाता हैं।

मुनिबाबा मंदिर के ट्रस्टी व समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि सावन और भादव से त्यौहारों का आगमन शुरू हो जाता है। सावन में जहां नागपंचमी व रक्षा बंधन का पर्व मनाया गया, वहीं भादव मास में हरतालिका तीज के साथ गणेश चतुर्थी का पावन पर्व एवं रविवार को ऋषि पंचमी का व्रत महिलाओं द्वारा धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। पंचमी पर महिलाओं ने मंदिर जाकर पूजा अर्चना की। खंडवा के कई मंदिरों के साथ बजरंग चौक स्थित मुनिबाबा मंदिर एवं घरों में रजोधर्म की दोष से मुक्ति के लिए महिलाओं ने व्रत रखकर सप्तऋषि की पूजा अर्चना कर आरती करते हुए कथा सुनी। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिलाओं द्वारा थाली में विराजमान ऋषि अत्री, भारद्वाज, कश्यप, विश्वामित्र, गौतम, वशिष्ट और जमदगनी की पूजा अर्चना की गई। मंदिर में पूजा के समय बजरंग चौक विठ्ठल मंदिर महिला मंडल की मनोरमा तोमर, पिंकी सोनी, ममता पांचाल, प्रीति पटेल,नेहा शर्मा, ,पंडित नवीन शर्मा, वेंकटेश शर्मा ने महिलाओं को ऋषि पंचमी व्रत कथा की सुनाई।

# बेसहारा गायों को गौशाला छोड़ने के लिए दिन-रात पसीना बहा रही परिषद की टीम



**खंडवा/मुंदी ।** मुंदी नगरीय क्षेत्र में इन दिनों बेसहारा गायो को गौशाला तक छोड़ने के लिए नगर परिषद मुंदी की टीम दिन-रात पसीना बहा रही है खुद मुख्य नगरपालिका अधिकारी संजय जैन की देखरेख मे नगर मे घूम रही बेसहारा गायों को पकड़कर गौशाला मे छोड़ा जा रहा है। वहीं कई गोपालक भी जो लापरवाही पूर्वक अपनी गायों को दूध निकाल कर आवारा छोड़ देते हैं उन्हें भी गौशाला में छोड़ रहे हैं नगर परिषद द्वारा गायों को पकड़ने की सूचना लोगो को मिलने पर लगातार नगर परिषद कार्यालय में पहुंचकर गायों को छोड़ने की विनती कर रहे हैं

## अस्थाई गौशाला मे कर रहे एकत्रित

कई लोग दुधारू गायों को दूध निकाल कर रोड पर आवारा छोड़ देते हैं जिससे दिन भर गाये सड़क पर जमा रहती है।जिसके चलते आवागमन प्रभावित होने के साथ-साथ दुर्घटनाएं भी हो चुकी है।इसके बाद नगर परिषद मुंदी की ओर से लगातार मुनादी कराकर गोपालकों को हिदायत भी दी जा चुकी है लेकिन लोगों की लापरवाही खुलेआम सामने आ रही है जिसके बाद नगर परिषद मुंदी के द्वारा पिछले तीन-चार दिनों से सख़्ती दिखाई और सड़क पर घूम रही गायों को नगर के वार्ड नंबर 2 मे एक अस्थाई गौशाला में एकत्रित कर लगातार गौशाला में भेजा जा रहा है।परिषद की और से जो गोपालक अपनी गाये लेने आ उन्हें आंशिक अर्थदंड के साथ गोपालक का आधार कार्ड जमा कराकर उन्हें सख्त हिदायत दी जा रही है.

## गौमाता के लिए रोटी अभियान

बेसहारा गौवंश को नगर परिषद मूंदी ने पकड़कर नगर अस्थाई गौशाला मे रखा है और गायों को लगातार गौशाला भेजा गया है, बड़ी संख्या में बकाया गोवंश के खाने के लिए नगर परिषद मूंदी के वाहन से गली मोहल्लों से गौमाता के लिए रोटी इकट्ठा करने का अभियान शुरू किया गया है।नगर परिषद के इस अभियान मे सीएमओ संजय जैन की देखरेख मे परिषद के स्वच्छता प्रभारी माखन कानूनगो,शुभम चौहान अश्विन दलाल अनूप गुर्जर सहित नगर परिषद के कर्मचारी लगातार काम कर रहे है .

मेहगाँव कांड पिता- पुत्र आत्महत्या मामले में,

# लिपिक पद पर पदस्थ फरार महिला आरोपी की, अग्रीम जमानत याचिका खारीज

**ओंकारेश्वर।**

धामनोद थाना क्षेत्र के अंतर्गत मेहगांव पिता पुत्र आत्महत्या मामले में पुलिस तीन आरोपी की तलाश अभी भी कर रही है लिपिक पद पर पदस्थ फरार महिला आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका हुई खारिज बहुचर्चित मेहगाँव कांड में, पिता पुत्र अजय दुबे एवं शषांक दुबे की आत्महत्या के मामले में, धामनोद पुलिस द्वारा आठ आरोपियों पर प्रकरण पंजीबद्ध किया था। जिसके पाँच आरोपी तो जेल भेजे जा चुके हैं। वहीं मण्डलेष्वर न्यायालय में लिपिक पद पर पदस्त महिला प्रज्ञा पति मनीष पाटीदार प्रकरण पंजीबद्ध होने के उपरांत से ही फरार चल रही



थी। जिसके द्वारा, दिनांक 6 सितंबर 2024 को अग्रीम जमानत याचिका क्रमांक बीए /95/2024 जिला व सत्र न्यायाधीश अनिल चौहान धरमपुरी न्यायालय में प्रस्तुत की गई। जिस पर आवेदिका के वकिल द्वारा, न्यायालय में अपने तर्क के साथ बताया कि, आवेदिका प्रज्ञा पाटीदार की छोटी बेटी है, जिसका लालन पालन उसी पर निर्भर हैं, वहीं वह शासकीय सेवा में लिपिक के पद पर मण्डलेश्वर न्यायालय में पदस्त है। पुरे मामले में मेरा कोई सरोकार नहीं है मुझे जबरन फंसाया जा रहा है,ऐसे कई तर्क दिये गये। वहीं दुबे परिवार के आपत्तिकर्ता ललित दुबे की ओर से विकास विकास चौधरी एवं दीपपति युगल द्वारा, जमानत याचिका के विरोध में तर्क प्रस्तुत किये गये। जिसमें महिला न्यायालय में पदस्थ होने के कारण, अपने प्रभाव का उपयोग कर, सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने,गवाहों को डराने धमकाने और राजनैतिक रसूक के चलते मामले को अन्यत्र मोड़ सकती है।

दोनों अधिवक्ताओं की दलीलों को सुनने के बाद माननीय न्यायालय धरमपुरी द्वारा, निर्णय देकर, इसे गंभीर प्रकृति का अपराध मानकर अग्रीम ज़मानत दस्तावेज़ को खारीज कर दिया। जानकारी अधिवक्ता प्रदीप दुबे द्वारा मिडिया को दी गई। तीन आरोपियो की गिरफ्तारी बाकी है पुलिस तलाश कर रही है अमित कुशवाहा थाना प्रभारी धामनोद।

# हिन्दू बाल सेवा सदन में उत्साह से की श्री गणेश की स्थापना

**खण्डवा।** नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ त्योहार मनाने से बहुत आनंद और उत्साह रहता है। हिन्दू बाल सेवा सदन में श्री गणेश जी की स्थापना की गई।

जानकारी देतें हुऐ अनिल बाहेती ने बताया कि शहर के बढ़ते यातायात व पर्यावरण को देखते हुए हिंदू बाल सेवा सदन के अंदर ही , गणेश जी की मूर्ति को उस्साह से लेकर आए और सब बच्चों के



साथ में स्थापना कर पूजा भजन आरती संपन्न हुई ।इस अवसर पर तरुण झंवर, अनिल बाहेती, विनय नेगी ,शशिकांत तिवारी , अश्विन सातले, राजेंद्र उपाध्याय उपस्थित रहे । बच्चों को गणेश जी के बारे बताया गया ।सुबह शाम दोनों समय आरती होगी , जिसमें बच्चों के साथ गणमान्य नागरिक, उपस्थित रहकर बच्चों का हौसला बढ़ाएंगे।

# इंदौर के विकास को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर तेजी से बढ़ता हुआ शहर है। इस शहर में विकास की अपार संभावनायें है। मध्यप्रदेश राज्य और इंदौर शहर देश के मध्य भाग में स्थित है। इसको दृष्टिगत रखते हुए यहां का विकास सुनियोजित रूप से किए जाने की आवश्यकता है।

अगर इंदौर शहर और मध्यप्रदेश का सुनियोजित विकास होगा तो इसका लाभ अन्य राज्यों को भी मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज यहां संपन्न हुई इंदौर शहर के विकास संबंधी बैठक में इंदौर के चहुमुखी विकास के संबंध में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रस्तावित इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र एवं इंदौर रीजनल डेवलपमेंट एरिया के चहुमुखी विकास के लिए कार्ययोजना तैयार होगी। इंदौर नगर निगम सीमा में शामिल 29 गांवों के विकास के लिए विशेष कार्ययोजना बनायी जायेगी। यह कार्ययोजना एक माह में तैयार करने के निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिये गये। साथ ही निर्णय लिया गया कि इंदौर शहर के एलआईजी से नवलखा तक प्रस्तावित एलिवेटेड ब्रिज के बजाय आवश्यकता के अनुसार जंक्शनों पर 6 और ब्रिज बनाये जाएंगे। साथ ही तय किया गया कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल 29 गांवों और शहर की अन्य पुरानी बस्तियों के भूस्वामित्व संबंधी मामले निराकृत हों और इनके नक्शे भी पास करने की व्यवस्था बनायी जाये। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर जिले में स्वीकृत तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों को पूरा करने की समयसीमा भी तय की।

बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक सुश्री उषा ठाकुर, श्री रमेश मेंदोला, श्री महेंद्र हार्डिया, श्रीमती मालिनी गौड़, श्री मधु वर्मा, श्री गोलू शुक्ला तथा श्री मनोज पटेल, श्री गौरव रणदिवे, श्री चिंटू वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री जी के प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ला तथा श्री राघवेंद्र सिंह, संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, पुलिस आयुक्त श्री राकेश गुप्ता, मुख्य वन संरक्षक श्री एम. आर. बघेल, कलेक्टर श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।




बैठक में इंदौर जिले में चल रहे ?विभिन्न सड़क निर्माण कार्य, फ्लाय ओवर एवं ब्रिज निर्माण, अंतर राज्यीय बस टर्मिनल, शासकीय विद्यालय के पुनर्घनत्वीकरण योजना, इंदौर बायपास कंट्रोल एरिया, जलप्रदाय योजना अमृत, कान्ह-क्षिप्रा नदी शुद्धीकरण हेतु प्रस्तावित कार्य, जलूद के 60 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र, एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की प्रचलित परियोजना, इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में इंदौर मेट्रोपॉलिटन विकास प्राधिकरण की प्रस्तावित कार्ययोजना सहित इंदौर शहर के विकास से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रगतिरत इंदौर-उज्जैन 4 लेन से 6 लेन सड़क, एमआर-11, एमआर-12, तेजाजी नगर से बलवाड़ा, इंदौर से हरदा सहित मास्टर प्लान की अन्य सड़कों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश? दिये कि उक्त कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किये जायें। साथ ही इंदौर बायपास से ग्राम पानोद, कम्पेल रोड, चन्द्रगुप्त मौर्य प्रतिमा से देवास-उज्जैन रोड तक 2 लेन मार्ग, इंदौर शहर में पश्चिमी बायपास का निर्माण, इंदौर शहर में पूर्वी बायपास रोड के संबंध में भी चर्चा की गई। निर्देश दिये गये कि उक्त सड़कों के कार्य सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर शीघ्र शुरू किये जायें।

बैठक में बताया गया कि एलआईजी से लेकर नवलखा तक एलिवेटेड ब्रिज के लिये मात्र तीन प्रतिशत की उपयोगिता ही मिली है। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जब इतनी कम उपयोगिता आ रही है तो एलिवेटेड ब्रिज की जरूरत नहीं है। इसके बजाय वैकल्पिक व्यवस्था की जाये। एलिवेटेड ब्रिज की बजाय अलग-अलग जंक्शनों पर ब्रिज बनाये जायें। बताया गया कि 6 ओव्हर ब्रिज इस मार्ग पर बनाये जाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने इसके लिये कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमृत योजना के बारे में भी समीक्षा की और निर्देश दिये कि शहर में 2047 की आवश्यकता को देखते हुए जल प्रदाय और सीवरेज लाईन के संबंध में कार्ययोजना तैयार करते हुए कार्य शीघ्र प्रारंभ किये जायें। धनराशि के संबंध में भी प्लान तैयार हो।

बैठक में 29 गांवों को नगर निगम सीमा में शामिल करने के पश्चात विकास में आ रही दिक्कतों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिये कि इंदौर नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल 29 गांवों के विकास संबंधी समस्याओं को निराकृत करने के लिये एक माह के अंदर विकास प्लान तैयार किया जाये। इन गांवों सहित शहर की पुरानी बस्तियों के भूस्वामित्व संबंधी मामलों को भी निराकृत किया जाये। ऐसी व्यवस्था की जाये कि इन क्षेत्रों में आसानी से नक्शे पास हो जायें। उन्होंने कहा कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल 29 गांवों की अतिरिक्त भूमियों पर विकास संबंधी योजनाएं बनायी जायें। नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल उपरोक्त सभी 29 गांवों में वैध कॉलोनियों की तरह ही सभी मूलभूत सुविधाएं मिलें। यह सुनिश्चित किया जाये। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर तथा आसपास के क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है। इन क्षेत्रों में सुनियोजित विकास की आवश्यकता है। इसको देखते हुए मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र एवं इंदौर रीजनल डेवलपमेंट एरिया विकसित होना चाहिये। इसके मद्देनजर इस क्षेत्र में शामिल होने वाले इंदौर, उज्जैन, धार, देवास के प्रत्येक ग्राम और हर क्षेत्र के समग्र और सुनियोजित विकास का प्लान तैयार होना चाहिये। सभी विकास एजेंसियां समन्वित रूप से विकास प्लान तैयार करें। उन्होंने कहा कि इंदौर में औद्योगिक विकास की भी अपार संभावनाएं हैं। इसको देखते हुए भी कार्ययोजना तैयार हों। 4 लेन सड़कों का भी तेजी से विस्तार किया जाये। उन्होंने कहा कि इंदौर-मनमाड़ रेलवे लाईन स्वीकृत होने से मालवा-निमाड़ के साथ ही ग्वालियर अंचल का भी विकास होगा। यह रेलवे लाईन मुम्बई, इंदौर और दिल्ली तक विकास का सेतु बनेगी। उन्होंने कहा कि इंदौर में एयर कार्गो के विकास की भी अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री जी ने इंदौर तथा आसपास के क्षेत्रों में रेलवे लाईन के विस्तार के संबंध में भी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने कहा कि अगली बैठक में मुख्य रूप से उक्त विषयों की प्रगति के साथ ही यातायात संबंधी विषय पर विशेष चर्चा की जायेगी।

बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कान्ह एवं क्षिप्रा के शुद्धिकरण हेतु चल रहे कार्यों को परिणाममूलक और प्रभावी बनाया जाए। इस कार्य का परिणाम मैदानी स्तर पर भी दिखायी दें। उन्होंने शहर की बेहतर प्लानिंग प्रस्तुत करने की बात कही, ताकि विकास योजनाओं में उसे समाहित किया जा सकें।

बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने इंदौर से खुड़ैल तक 4 लेन सड़क बनाने और सांवेर क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों, मार्गों के निर्माण की आवश्यकता बतायी। उन्होंने एमवाय अस्पताल को आदर्श अस्पताल के रूप में विकसित करने की बात भी कही। सांसद श्री शंकर लालवानी ने इंदौर से खुड़ैल तक 4 लेन सड़क बनाने, आउटर रिंग रोड, लॉजिस्टिक हब तैयार करने, नई अनाज मण्डी आदि के संबंध में अपनी बात रखी। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने पश्चिमी रिंग रोड हेतु आवश्यक बजट, उन्होंने अमृत योजना-2.0 के तहत भी आवश्यक सहयोग और कार्मिक संरचना विकास के संबंध में अपनी बात कही। इसी तरह विधायक सुश्री उषा ठाकुर ने महू क्षेत्र में नर्मदा जल उपलब्ध कराने और क्षेत्र में संचालित श्रमोदय गुरूकुलम को 750 सीटर करने, विधायक श्री महेंद्र हार्डिया ने हाउसिंग बोर्ड की जर्जर हो चुकी भवनों के पुर्न?निर्माण के संबंध में स्वीकृति शीघ्र देने और इंदौर विकास प्राधिकरण की योजनाओं में शामिल कॉलोनियों को मुक्त करने तथा तुलसी नगर के रहवासियों की समस्याओं को शीघ्र निराकृत करने, विधायक श्री रमेश मेंदोला ने एमआर 9 को पूरा किये जाने और कन्केश्वरी देवी महाविद्यालय और सुगनीदेवी महाविद्यालय के अमले के वेतन, विधायक श्री मनोज पटेल ने देपालपुर मण्डी को स्थानांत?रित करने सहित देपालपुर विधानसभा क्षेत्र में अनेक सड़कों के निर्माण, नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल 29 ग्रामों में प्राथमिकता से पेयजल उपलब्ध कराने, विधायक श्रीमती मालिनी गौड़ ने दशहरा मैदान पर स्वीकृत स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स की निर्माण एजेन्सी बदलने, महू नाका चौराहा यातायात के दबाव के मद्देनजर फ्लाई ओव्हर की चौड़ाई बढाने, जिला चिकित्सालय के निर्माण को शीघ्र पूरा कराए जाने और विधायक श्री गोलू शुक्ला ने एमवाय अस्पताल जीर्णोद्धार एवं एक हजार बेड के नवीन अस्पताल निर्माण की बात कही। विधायक श्री मधु वर्मा ने राऊ, तेजाजी नगर, पीपल्यापाला-देवगुराड़िया क्षेत्र के लिये एमआर-3 बनाने के संबंध में चर्चा की और नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल 29 गांवों में आ रही भूस्वामित्व संबंधी समस्या को भी शीघ्र निराकृत करने के संबंध में अपनी बात कही।

## घर -घर विराजे गणेश बाजारों में रही दिन भर रौनक

**मुंदी ।** गणेश उत्सव को लेकर उत्साह का माहौल है शनिवार दिनभर बाजारों मे रौनक रही ।नगर मे कई जगह गणेश मण्डलियो द्वारा गणेश जी की स्थापना की गई है ।

उत्सव को लेकर लोगो ने बड़े धूम-धाम के साथ बाजारों से गणेश जी की मूर्ति लेकर पंडालो धर तक पहुचे और शुभ मुहूर्त मे विघ्नहर्ता गणेश जी की मूर्ति की स्थापना की। दस दिन तक चलने वाले महापर्व को लेकर नगर सहित ग्रामीण अंचल मे भी उत्साह का माहौल है। शनिवार को सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्रो के लोग भी गणेश जी की प्रतिमा मोटरसायकल एवं सुविधानुसार छोटे वाहनों पर ले जाते नजर आये। मुंदी नगर मे गणपति जी की सबसे बडी प्रतिमा (मुंदी के राजा) पुनासा रोड पर नर्मदा झाबुआ बैंक के पास सौराष्ट्र ग्रुप द्वारा स्थापित की जाती है जिसको लेकर ग्रुप के सदस्य पिछले कई दिनों से भव्य पंडाल बनाने को लेकर तैयारी कर रहे है सौराष्ट्र ग्रुप के द्वारा विशेष साज सज्जा कर गणपति जी पंडाल बनाया गया है। पर्व के दौरान प्रतिदिन महाआरती की जाती है। वहीं बीड़ में भी हर वर्ष के अनुसार परंपरागत अंतर्गत जगह-जगह गणपति बप्पा बड़े ही धूमधाम उत्साह से विराजमान हुए

## राजेश वाधवानी सिंधी साहित्य अकादमी के निदेशक पद पर पुनः नियुक्त

**खंडवा।** भारतीय सिंधू सभा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजेश वाधवानी को मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के अंतर्गत आने वाले सिंधी साहित्य अकादमी के निदेशक पद पर पुन : नियुक्त किया गया है।



सिंधी समाज खंडवा के प्रवक्ता कमल नागपाल ने बताया कि श्री वाधवानी को दूसरी बार निदेशक बनाए जाने पर स्थानीय सिंधी समाज में हर्ष व्याप्त है।उल्लेखनीय है कि वे निरंतर सक्रिय रहते हैं और सामाजिक सरोकार से संलग्न रहते हैं,साथ ही खंडवा से उनका जीवंत संपर्क भी बना हुआ रहता है।खंडवा के युवा वर्ग को उनके आगामी कार्यकाल से काफी उम्मीदें हैं।उनकी कार्यकुशलता और सक्रियता के कारण उनकी नियुक्ति दूसरी बार की गई है।श्री वाधवानी को भारतीय सिंधू सभा के संरक्षक गेहीराम सीतलानी,अध्यक्ष घनश्याम वाधवा,युवा शाखा प्रदेश महामंत्री आकाश आहूजा,महामंत्री साधु लखानी,महामंत्री महेश कुमार चंदवानी,उपाध्यक्ष किशोर लालवानी,समाजसेवी डॉक्टर जी एल हिंदूजा,अनिल आरतानी,प्रवक्ता कमल नागपाल,युवा शाखा के सागर आरतानी,महिला शाखा अध्यक्ष कोमल होतवानी और युवा शाखा सोशल मीडिया प्रभारी मनीष कुमार मलानी सहित सिंधी समाज खंडवा के समस्त सामाजिक संगठनों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।उधर भोपाल में मुख्यमंत्री मोहन यादव और भारतीय सिंधू सभा के प्रदेश महामंत्री और भाजपा विधायक श्री भगवानदास सबनानी ने भी उन्हें व्यक्तिगत रूप से बधाई दी।

## धनगांव पुलिस ने अश्लील फोटो एवं वीडियो दिखाकर गलत काम करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**खंडवा।** फरियादिया ने थाना धनगांव में दिनांक 07/09/24 को रिपोर्ट लिखाया कि आरोपी रितिक पिता जगदीश महेश्वरी निवासी कालमुखी नाबालिग उम्र से अश्लील फोटो वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया में डालने की धमकी देकर गलत काम किया है।

रिपोर्ट पर थाना धनगांव में अप क्र. 209/24 धारा 376(2ठ), 509(ख), 294 आईपीसी एवं 5ग्6 पॉक्सो एक्ट का अपराध दर्ज कर उप निरीक्षक चेतना चौहान द्वारा विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खंडवा व एस डी ओ पी मुंदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विजय वर्मा एवं उनि चेतना चौहन द्वारा महिला सम्बन्धी अपराध में त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 08/09/24 को आरोपी रितिक पिता जगदीश महेश्वरी उम्र 22 साल निवासी कालमुखी थाना धनगांव को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया, जहाँ से उसे जिला जेल खंडवा भेज दिया गया। सराहनीय भूमिका - थाना प्रभारी विजय वर्मा एवं उनि चेतना चौहान, ए एस आई आनंद राम पटेल, आर 516 प्रमोद, 147 ब्रजकिशोर, 634 कूवर सिंह की भूमिका सराहनीय रही है।

## सुलभ शौचालय में संचालकों की मनमानी बड़ी मुत्रालय के वसूले जा रहे पैसे

### जनप्रतिनिधि कर रहे वसूली से निकाय द्वारा ठेके पर दिए जाने की मांग

**ओंकारेश्वर ( नि प्र )।** मध्य प्रदेश पर्यटन विकास विभाग द्वारा संचालित पर्यावरण शोध संस्थान एवं भोपाल की मिश्रा कंट्रक्शन के अलावा नगर परिषद ओंकारेश्वर अन्य . संस्थाओं द्वारा संचालित सुलभ शौचालय में मनमानी बड़ी कुछ स्थानों पर जनप्रतिनिधि कर रहे संचालन मुत्रालय के भी लिए जा रहे पैसे ओंकारेश्वर में दर्शन हेतु आने वाले तीर्थ यात्रियों से मनमाना शौचालय शुल्क वसूला जा रहा है। ओंकारेश्वर नगर परिषद ने स्व.लोकेंद्रसिंह बस स्टेंड पर स्थित यात्री विश्रामगृह एवं सुलभ शौचालय कॉम्पलेक्स निजी एजेंसी को लीज पर दिया था।लेकिन निजी एजेंसी द्वारा अनुबंधों की अनदेखी कर तीर्थ यात्रियों से मनमानी वसूली की जा रही है। यहां तक की प्रथम मंजिल पर किराए से कमरे देकर मनमाना किराया भी तीर्थयात्री से उजाला जा रहा है तीर्थ यात्रियों की शिकायत पर ओंकारेश्वर नगर परिषद ने कार्रवाई की और पंचनामा भी बनाया। परिषद को अनुबंध की निर्धारित दर से



अधिक शौचालय शुल्क वसूलने तथा पेशाब करने के लिए भी राशि वसूलने की शिकायतें मिली थीं। इस कारण परिषद ने शौचालय बंद करवा दिया था। किंतु कतिपय राजनीतिक दबाव के चलते शौचालय को खोल दिया जाता है। उक्त शौचालय के बाजू में ही नगर परिषद द्वारा बनाया गया सुलभ शौचालय भी स्थित है। तीर्थ यात्रियों से मनमानी वसूली की जा रही है। जनप्रतिनिधियों ने इसकी शिकायत कलेक्टर अनूप कुमार सिंह से भी की थी। शिकायतों पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देश पर उक्त शौचालय पर ताला आज दोपहर में लगा दिया गया है उपरोक्त जानकारी राजस्व निरीक्षक नीरज रावत द्वारा दी गई किंतु ठेकेदार द्वारा संचालित सुलभ कंपलेक्स जिसमें कमरा भी किराए से दिए जाते हैं उसे पर कोई कार्रवाई नहीं की गई हैकिंतु जनप्रतिनिधियों की शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं ।

इसी प्रकार ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के पास स्थित सुलभ शौचालय तथा बालवाड़ी क्षेत्र में स्थित शौचालय नगर परिषद ओंकारेश्वर के कर्मचारियों द्वारा संचालित किया जा रहा है। जेपी चौक पर मध्य प्रदेश पर्यटन विकास विभाग द्वारा संचालित पर्यावरण शोध संस्थान सुलभ शौचालय तथा ब्रह्मपुरी क्षेत्र में ओंकार पर्वत पर संचालित सुलभ शौचालय में भी पेशाब करने की राशि भी वसूली जा रही है। जबकि नगर परिषद ओंकारेश्वर द्वारा रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था, उक्त सार्वजनिक सुलभ शौचालय में निःशुल्क दी जाती है। जेपी चौक स्थित सुलभ शौचालय का अपशिष्ट मलमूत्र सीधे नर्मदा नदी में छोड़ा जा रहा है।इस कारण नर्मदा में बड़े पैमाने पर प्रदूषण हो रहा है। नर्मदा में अपशिष्ट जल और मल के निष्कासन से संक्रामक रोगों का भी खतरा बढ़ रहा है। भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी ममता दुबे ने।नर्मदा में अपशिष्ट जल और मल की निकासी रोकने की शिकायत अधिकारियों से की थी। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा।

## राग दरबारी

### रहस्यमयी मुस्कान


[illegible]

राजशेखर चौबे
295/ रोहिणी पुरम रायपुर
फोन 9425596643

# कार्यकर्ताओं पर विधायकों का दबाव... पहले हमारे खाते में सदस्य बनाओ

## सदस्यता अभियान की लिंक के माध्यम से डायरेक्ट बन रहे सदस्य, मिस्ड कॉल की जरूरत नहीं

इंदौर। भाजपा के सदस्यता अभियान में निचले स्तर के कार्यकर्ताओं को दोहरा आदेश मानना पड़ रहा है। एक तो उन्हें संगठन ने पहले ही टारगेट दे रखा है, वहीं जनप्रतिनिधि और विशेषकर विधायक भी उन पर दबाव बना रहे हैं कि पहले उनके (विधायक के) खाते में सदस्य बनाएं, फिर अपने सदस्य बनाएं। इसको लेकर वे पसोपेश में हैं कि पहले क्या करें? सभी विधायकों ने अपनी लिंक भी कार्यकर्ताओं को भेज दी है और उसके माध्यम से ही सदस्य बनाने को कहा है।



[illegible]

# मप्र में बड़ी प्रशासनिक जमावट की तैयारी

## वीरा राणा बन सकती हैं राज्य निर्वाचन आयुक्त

इंदौर। मध्य प्रदेश में सूचना आयुक्त के दस पदों के लिए 10 सितंबर को बैठक होनी है। प्रदेश में मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्त के दस पद रिक्त हैं। आईएएस, आईपीएस, रिटायर्ड जज, सामाजिक, राजनीतिक, पत्रकारिता के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वालों ने आवेदन किए हैं। जीएडी ने इन पदों पर नियुक्ति के लिए फाइल सीएम सचिवालय को भेज दी है। इस बैठक में सूचना आयुक्तों के नाम पर फैसला होने की उम्मीद है।




### वीरा राणा

[illegible]

### 30 सितंबर को रिटायर हो रही है

[illegible]

### विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन की तलाश

[illegible]

## महासचिव की दौड़ में मीनाक्षी नटराजन और अरुण यादव का नाम

इंदौर। मध्यप्रदेश कांग्रेस के तीन बड़े नेताओं को केंद्रीय संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। मध्यप्रदेश कांग्रेस के कमलनाथ, मीनाक्षी नटराजन और अरुण यादव को दिल्ली में पार्टी अहम जिम्मेदारी दे सकती है। जिसे लेकर अटकलें जारी हैं, तीन में से दो नेताओं को राष्ट्रीय महासचिव बनाया जा सकता है। जबकि एक नेता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाएगी।

**मप्र कांग्रेस के नेताओं को मिल सकती है केंद्रीय संगठन में बड़ी जिम्मेदारी**

[illegible]

### कमलनाथ को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

[illegible]

### पांच युवा नेताओं को बनाया गया था राष्ट्रीय सचिव

[illegible]

# मध्य प्रदेश सड़क परिवहन निगम की बसें फिर दौड़ेंगी सड़कों पर

[illegible]



तनवीर जाफ़री

# हरियाणा - बैकफुट पर भाजपा




[illegible]

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड,
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com